


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 211/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, बुधवार 15 मार्च 2023 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in



### 20 घंटे बाद भी इमरान की गिरफ्तारी नहीं

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को गिरफ्तार करने की कोशिश 20 घंटे से जारी है। इसी बीच इमरान ने बुधवार को ट्वीट कर कहा-पुलिस सीधे तौर पर लोगों से भिड़ रही है। गोलियां चला रही है। मेरी गिरफ्तारी तो बहाना है, उनका असली मकसद तो मेरी हत्या करना है।

---

**मप्र विधानसभा: वित्तमंत्री बोले-कोई प्रस्ताव नहीं**

# पुरानी पेंशन को लेकर हंगामा, वॉकआउट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में आज 8वें दिन पुरानी पेंशन पर हंगामा हो गया। प्रश्नकाल के दौरान पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा के सवाल पर वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा- पुरानी पेंशन का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। मंत्री के जवाब पर कांग्रेस विधायक सदन से वॉकआउट कर गए।

कमलनाथ ने कहा, हर सरकार कर्मचारियों से चलती है और अगर कर्मचारियों के साथ ही अन्याय हो, तो कैसे सरकार चलेगी। हमारे साथी सज्जन वर्मा ने सीधा सा प्रश्न पूछा कि क्या सरकार पुरानी पेंशन लागू करेगी? वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने जवाब में कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। यह घोर अन्याय है। सरकार ने सदन में स्पष्ट कर दिया है कि पुरानी पेंशन का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। कांग्रेस की सरकार बनेगी तो हम यह निर्णय करेंगे।



### विकास यात्रा के लिए पैसे हैं ... पुरानी पेंशन के लिए नहीं

सज्जन सिंह वर्मा ने कहा- ये निर्दयी सरकार पुरानी पेंशन लागू करने में कोई निर्णय नहीं ले रही है। इनके मंत्री हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों से ज्ञापन लेकर आते हैं और उसे कूड़े के डब्बे में डाल देते हैं। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा- सरकार के पास पुरानी पेंशन को लेकर कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा- आपके पास चीतों के लिए 3000 करोड़ हैं। विकास यात्रा के लिए पैसे हैं, पुरानी पेंशन के लिए नहीं हैं? नेता प्रतिपक्ष ने कहा- सरकार कर्मचारी विरोधी है। इसलिए कांग्रेस बहिर्गमन (वॉकआउट) कर रही है। संजय यादव बोलने खड़े हुए, तो स्पीकर ने पूछा आप बहिर्गमन में शामिल हो या नहीं? गोविंद सिंह ने पूछा- क्या सप्लीमेंट्री बजट में आप इसे लाएंगे? वित्त मंत्री ने साफ मना कर दिया।

### सरकार अपनी तरफ से मुआवजा दे गैस पीड़ितों को

सज्जन वर्मा ने शून्यकाल में कहा, भोपाल में गैस पीड़ितों की बड़ी आबादी है। इनके मुआवजे को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को फटकार लगाई है और यह कहा है कि 8000 करोड़ का मुआवजा केंद्र सरकार अपनी तरफ से दे।

### विभागों से पत्रों का जवाब नहीं आने का मुद्दा उठा

नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने विभागों से पत्रों का जवाब नहीं आने का मुद्दा उठाते हुए कहा- पटवा जी की सरकार के बाद से ये परंपरा खत्म हो गई है। सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारी आदेश की धज्जियां उड़ा रहे। पत्रों का जवाब नहीं देते। विधानसभा अध्यक्ष ने भी नेता प्रतिपक्ष की बात का समर्थन किया। कहा- पत्रों के जवाब नहीं आते। अध्यक्ष ने मंत्री से कहा- सामान्य प्रशासन विभाग को ताकीद करें कि वे विधायको के पत्रों का जवाब दें।

### अहीर रेजिमेंट के लिए प्रस्ताव

अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग को लेकर विधानसभा में प्रस्ताव रखा गया। लंबे समय से प्रदेश और देश के अलग-अलग इलाकों में यादव समाज सेना में अहीर रेजिमेंट का गठन करने की मांग उठाता आ रहा है। आज विधानसभा में बरगी से कांग्रेस विधायक संजय यादव ने अहीर रेजिमेंट के गठन करने को लेकर अशासकीय संकल्प प्रस्तुत किया।

---

**सांध्यप्रकाश विशेष**

## युवाओं को रोजगार दिलाने 17 करोड़ खर्च, पुणे की कम्पनी भी ले गई 4.17 करोड़




**भोपाल।** प्रदेश में करीब 39 लाख बेरोजगारों को रोजगार दे पाने में असफल सरकार ने पिछले 12 सालों में 17 करोड़ रुपए रोजगार दिलाने के नाम पर खर्च किए हैं। इस अवधि में 7.86 लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में ऑफर लेटर दिलाया गया है जबकि सरकारी नौकरी पाने वालों की कोई जानकारी सरकार के पास नहीं है। तकनीकी शिक्षा और रोजगार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने यह जानकारी विधायक जीतू पटवारी के सवाल के लिखित जवाब में दी है।

विधायक पटवारी ने पूछा था कि प्रतिवर्ष कितने युवाओं को विभागीय स्तर पर रोजगार दिलाया गया है। इस पर कोई जानकारी मंत्री ने नहीं दी है। पटवारी ने यह जानकारी भी मांगी थी कि पिछले सालों में रोजगार कार्यालय संचालन के लिए किसी संस्था को जिम्मेदारी सौंपी गई थी तो इसकी जानकारी दी जाए। इसके जवाब में मंत्री ने कहा है कि 9 मई 2018 को पुणे की संस्था यशस्वी अकादमी फॉर टैलेंट मैनेजमेंट को 15 रोजगार कार्यालयों के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके बदले संस्था को 17 मार्च 2022 को 4.17 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान भी किया गया है। इस संस्था को भुगतान के बाद ब्लैकलिस्ट किया गया है और उसकी संपत्ति जब्त की गई है।

### 2010 से जनवरी 2023 तक हुए इतने पंजीयन

प्रदेश में बेरोजगारों के रोजगार कार्यालय में पंजीयन के जो आंकड़े सरकार ने दिए हैं, उसके अनुसार वर्ष 2010 से लेकर जनवरी 2023 के बीच सबसे अधिक पंजीयन वर्ष 2017 और वर्ष 2021 में हुए हैं। वर्ष 2017 में 17.04 लाख और 2021 में 12.36 लाख युवाओं ने रोजगार के लिए पंजीयन कराया है। इसके अलावा 2023 में अकेले जनवरी माह में 7.82 लाख से अधिक युवाओं ने रोजगार के लिए पंजीयन कराया है। वर्ष 2010 में यह आंकड़ा 4.73 लाख, 2011 में 5.36 लाख, 2012 में 6.39 लाख, 2013 में 4.24 लाख, 2014 में 3.84 लाख, 2015 में 4.23 लाख, 2016 में 3.45 लाख युवाओं का पंजीयन हुआ था। इसी तरह वर्ष 2018 में 7.46 लाख, 2019 में 8.46 लाख, 2020 में 6.11 लाख और वर्ष 2022 में 7.13 लाख बेरोजगारों ने रोजगार के लिए रोजगार दफ्तरों में पंजीयन कराया है।

### चार हजार रोजगार मेलों में 12.84 करोड़ खर्च

युवा कल्याण विभाग की मंत्री सिंधिया ने बताया कि प्रदेश में 2013-14 से अब तक 4012 रोजगार मेलों का आयोजन जिलों में किया गया है। इन रोजगार मेलों में 12.84 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इस दौरान निजी क्षेत्र में चयनित 7.86 लाख युवाओं को ऑफर लेटर प्रदाय किए गए हैं। खास बात है कि सरकार ने स्वीकार किया है कि कोरोना के पीक वाले साल 2020-21 और 2021-22 में भी 27 और 507 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है और इन पर 34.97 लाख व 97.70 लाख रुपए खर्च हुए हैं।




---

## अडाणी मामले में विपक्ष का ईडी दफ्तर के सामने प्रदर्शन

**16 पार्टियों के सांसदों ने जांच की मांग की, अडाणी के बहाने राहुल ने फिर केंद्र को घेरा**

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के तीसरे दिन लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामे की वजह से दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। विपक्ष के नेताओं ने अडाणी मामले की जेपीसी से जांच की मांग को लेकर हंगामा किया। वहीं सत्ता पक्ष ने लंदन में राहुल गांधी के दिए बयान पर माफी की मांग की।

सत्र शुरू होने से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पार्लियामेंट ऑफिस में विपक्ष के 16 दलों की बैठक हुई। इसमें अडाणी मामले पर जेपीसी की मांग और ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध करने पर सहमति बनी। सत्र स्थगित होने के बाद विपक्षी दलों ने ईडी ऑफिस तक पैदल मार्च किया। हालांकि पुलिस ने उन्हें धारा 144 का हवाला देकर वे विजय चौक पर ही रोक लिया। प्रदर्शन में शामिल विपक्ष के 16 दल के नेता ईडी को शिकायती पत्र सौंपने चाहते हैं। वे अडाणी मामले की जांच की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, राहुल गांधी आज विदेश से लौट आए हैं और संसद सत्र में शामिल हो सकते हैं। बता दें कि राहुल मार्च की शुरुआत में 7 दिन के ब्रिटेन दौरे पर थे। उसके बाद वो कहां गए, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।






### राज्यपाल मंगू भाई पटेल से कृषि मंत्री कमल पटेल की सौजन्य भेंट

**भोपाल।** राजभवन में बुधवार को प्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल से प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल ने सौजन्य भेंट की। इसके बाद महामहिम राज्यपाल ने कृषि मंत्री कमल पटेल के साथ चाय पर चर्चा की । राजपाल और कृषि मंत्री के बीच समसामयिक विषयों के साथ किसानों के कल्याण के लिए चल रही सरकार की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही राज्यपाल के 16 मार्च को हरदा जिले के दौरे को लेकर भी बात हुई।

### अमेरिका बोला- अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने अरुणाचल प्रदेश और चीन के बीच मैकमोहन लाइन को अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर के तौर पर मान्यता दे दी है। अमेरिकी सीनेट में पास हुए एक प्रस्ताव में अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न हिस्सा बताया गया है। बिल को सीनेट( अपर हाउस) में लाने वाले सांसद बिल हैगरटी और जेफ मर्क्ले ने कहा- चीन लगातार इंडो-पैसेफिक क्षेत्र में खतरा पैदा कर रहा है। ऐसे में ये जरूरी है कि अमेरिका अपने रणनीतिक साझेदार और खासतौर पर भारत के साथ खड़ा रहे। उन्होंने कहा- ये बिल अरुणाचल प्रदेश को स्पष्ट रूप भारत के हिस्से के रूप में मान्यता देता है। चीन लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल(स्ष्ट) पर अभी जो स्थिति है उसे बदलने की कोशिश कर रहा है और हम इसकी निंदा करते हैं।

---

## बोरवेल में गिरे बच्चे की मौत

**24 घंटे बाद बाहर निकाला, सीधे अस्पताल ले गए, लेकिन बचाया नहीं जा सका**

**विदिशा।** जिले में बोरवेल में गिरे 7 साल के बच्चे को बचाया नहीं जा सका। पुलिस और एनडीआरएफ की टीम ने करीब 24 घंटे के रेस्क्यू के बाद उसे बाहर निकाला। टीम बच्चे को लेकर लटेरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची और उसे आईसीयू में ले जाया गया, यहां डॉक्टरों की टीम ने उसे मृत घोषित कर दिया। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने बच्चे की मौत की पुष्टि की है।



मासूम बोरवेल में 43 फीट गहराई में फंसा था। बोरवेल 60 फीट गहरा है। इसके समानांतर सोमवार को दिन भर और मंगलवार रातभर गड्ढे की खुदाई की गई। आज सुबह 8 बजे तक 50 फीट गड्ढा खोदा गया, इसके बाद 5 फीट टनल बनाकर बच्चे को निकाला गया। खुदाई के बाद टनल के पास एम्बुलेंस खड़ी कर दी गई थी। चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर और अन्य मेडिकल स्टाफ को टनल के अंदर बुला लिया गया था। बच्चे को निकालते ही 14 किलोमीटर दूर लटेरी शासकीय अस्पताल ले जाया गया है।

मौके पर कलेक्टर उमाशंकर भार्गव, लटेरी एसडीएम हर्षल चौधरी, एडिशनल एसपी समीर यादव मौजूद थे। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने कहा कि लापरवाही के कारण बच्चे की जान आफत में फंस गई। एक हफ्ते में जिले के सारे बोरवेल के गड्ढे ढंक दिए जाए। ऐसा प्रशासन द्वारा प्रयास किए जाएंगे।

---

## प्रधानमंत्री मोदी को सोशल मीडिया पर धमकी, गुजरात पुलिस ने छतरपुर से 2 को उठाया

**छतरपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धमकी देने के मामले में गुजरात पुलिस ने मध्यप्रदेश से दो और युवकों को गिरफ्तार किया है। गुजरात पुलिस ने देर रात छतरपुर में छापेमारी की। यहां से दो लोगों को पकड़ा गया है। 10 मार्च को भी मध्यप्रदेश के सतना और रीवा से भी दो लोगों को पकड़ा गया था। 9 फरवरी को अहमदाबाद में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का मैच था। इसमें क्करूमोदी के साथ ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानिया भी शामिल हुए थे। इस मैच में खलल डालने की धमकी मिली थी। खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की आवाज में रिकॉर्डेड मैसेज भेजे गए थे। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के ट्विटर हैंडल भी इस्तेमाल में लाए जाने की खबर है।



रीवा में अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने 10 मार्च की रात छापेमारी की थी। यहां टॉवर वाली गली में पकड़े गए दो लोग किराए से कमरा लिए थे। क्राइम ब्रांच ने मकान मालिक से पूछताछ की थी। पूछा था कि सतना निवासी राहुल द्विवेदी और नरेंद्र कुशवाहा को जानते हो। मकान मालिक ने बताया कि दो किराएदार हैं। नाम-पता नहीं मालूम। लाइट फिटिंग और प्लंबर का काम करते हैं। महीने में दो-चार बार आते हैं। काफी दिन से नहीं आए। जिस रूम में दोनों रहते थे, टीम उसका गेट तोड़कर अंदर दाखिल हुई। कमरे से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मिली। यह डिवाइस कॉल सेंटर की तरह मोबाइल फोन की बातचीत और मैसेज को एक्सचेंज करती है। टीम ने सतना से नरेंद्र कुशवाहा और रीवा से राहुल कुमार द्विवेदी को गिरफ्तार किया है।

---

## राज्य सायबर पुलिस की बड़ी कार्यवाही: 8000 से अधिक फर्जी सिम ब्लॉक, एक लाख 83 हजार रूपए का जुर्माना

**भोपाल।** सायबर पुलिस की रिपोर्ट पर टेलीकॉम डिपार्टमेंट ने टेलीकॉम कम्पनी पर संदिग्ध सिमों को ब्लॉक करने में लापरवाही करने पर 1 लाख 83 हजार रूपए का जुर्माना लगाया। टेलीकॉम कम्पनी ने सायबर पुलिस की रिपोर्ट पर पहले ही ८6 हजार से अधिक संदिग्ध सिमें लॉक कर दी थी। फर्जी सिम जारी करने और फर्जी पेटीएम खाते बनाने में संलिप्त 08 आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक योगेश देशमुख के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश राज्य सायबर पुलिस द्वारा सायबर अपराधियों के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही करते हुए न केवल आठ हजार से अधिक संदिग्ध सिमों को ब्लॉक कराया बल्कि संदिग्ध सिमों को ब्लॉक करने में लापरवाही करने वाली टेलीकॉम कम्पनी के विरुद्ध टेलीकॉम डिपार्टमेंट को पुख्ता साक्ष्य उपलब्ध कराए जिससे टेलीकॉम कम्पनी पर 1,83,000/- रूपये का जुर्माना लगाया गया। इसके पूर्व इसी प्रकरण में मार्च 2022 में सायबर पुलिस जोन-ग्वालियर के गहन तकनीको विश्लेषण और सतत प्रयासा से एक टेलीकॉम कम्पनी की 7.948 संदिग्ध मोबाइल नंबरों को ब्लॉक कराने में सफलता प्राप्त की थी।




इस संबंध में जानकारी देते हुये श्री देशमुख ने बताया कि राज्य सायबर जोन ग्वालियर को वर्ष 2020 में फेसबुक पर फर्जी विज्ञापन देकर कार बेचने के नाम पर 1,75,000 रूपये की धोखाधड़ी संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी जिसकी जांच पर अज्ञात ठगों द्वारा म0प्र0 के ही शिवपुरी और गुना जिले से जारी फर्जी सिम और फर्जी पेटीएम खातों का उपयोग किया जाना पाया गया। सायबर जोन ग्वालियर के पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के नेतृत्व में निरीक्षक दिनेश कुमार गुप्ता, उनि0 अनिल शर्मा आदि की टीम द्वारा प्रकरण की गहन एवं सूक्ष्म जांच करते हुए फर्जी सिम जारी करने और फर्जी पेटीएम खाते बनाने में संलिप्त आठ आरोपियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। लेकिन इसके साथ ही प्रकरण में प्राप्त डाटा के विश्लेषण से 20,000 से अधिक संदिग्ध मोबाइल नम्बरों को भी चिन्हित किया और इनकी सूची बनाकर संबंधित सर्विस प्रोवाइडरों को सत्यापन हेतु भेजा गया। एक टेलीकॉम कम्पनी के मार्च 2022 में 7 हजार 948 सिम ब्लॉक कर दी गई। बाद में इसी कंपनी ने 239 अन्य सिमों को ब्लॉक किया। परंतु दूसरी टेलीकॉम कम्पनी द्वारा पुनः सत्यापन में सभी सिम सही पाया जाना बताते हुए कोई कार्यवाही नहीं की गई। इस पर राज्य सायबर पुलिस द्वारा उपलब्ध साक्ष्यों के साथ डीजी टेलीकॉम को जानकारी भेजी गई।

---

## लैंड फॉर जॉब्स स्कैम में लालू-राबड़ी और बेटी को जमानत

**पटना।** रेलवे में लैंड फॉर जॉब्स यानी जमीन के बदले नौकरी देने के कथित भ्रष्टाचार के केस में लालू परिवार को बड़ी राहत मिली है। ऋछ्व्ठ सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती को जमानत मिल गई है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 50 हजार के निजी मुचलके पर तीनों को जमानत दी है। इस मामले में अब 29 मार्च को अगली सुनवाई होगी।



लालू को व्हीलचेयर पर लेकर पत्नी राबड़ी देवी और बेटी राज्यसभा सांसद मीसा भारती कोर्ट के अंदर पहुंचीं थीं। इस दौरान उन्होंने मीडिया से दूरी बनाए रखी। कोर्ट ने 27 फरवरी को लालू की पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती समेत 14 अन्य आरोपियों को समन जारी किया था। समन जारी होने से पहले सीबीआई लालू से दिल्ली में और राबड़ी से पटना में पूछताछ कर चुकी है। सीबीआई की ओर से 5 महीने पहले इस केस में चार्जशीट दाखिल की गई थी। साल 2004 से 2009 के दौरान रेल मंत्री रहते हुए लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों पर रेलवे में नौकरी के बदले लोगों से जमीन लेने का आरोप है। लालू परिवार को ये जमीन उपहार में दी गई या कम कीमत पर बेच दी गई। सीबीआई का आरोप है कि रेलवे की ग्रुप-डी भर्ती में नियम-कानून ताक पर रखकर नियुक्तियां की गईं थीं।

# लाड़ली बहना योजना में केवाईसी अपडेट करने के लिए रखी बैठक



**संत हिरदाराम नगर।** जोन क्रमांक एक संत हिरदाराम नगर के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4 में स्थित समस्त एमपी ऑनलाइन एवं सीएससी संचालकों को लाड़ली बहना योजना में हितग्राहियों के केवाईसी अपडेट करने के लिए जोनल अधिकारी विक्रम झा के निर्देश पर वार्ड प्रभारी नीरज कुमार नामदेव द्वारा बैठक आयोजित की गई और शिविर में केवाईसी अपडेट करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में लाडली बहना योजना के विस्तृत जानकारी और किसी को परेशानी न हो इसके लिए निर्देशित किया गया। निम्न बेब संचालक साहू ऑनलाइन, हरि ओम ऑनलाइन, मेवाड़ा ऑनलाइन एवं नाइस फोटो कॉपी सहित कई ऑनलाइन संचालक उपस्थित थे।

# भागवत कथा के पहले दिन निकली भव्य कलश यात्रा

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

श्री राधा कृष्ण जनकल्याणक जनसेवा समिति के अध्यक्ष वार्ड 73 के पार्षद राजू राठौर के नेतृत्व तथा वार्ड 72 के पार्षद जोन 16 के अध्यक्ष विकास पटेल, वरिष्ठ नेत्री पूर्व पार्षद सुश्री तुलसा वर्मा, वरिष्ठ नेता वार्ड 74 के पार्षद प्रतिनिधि राजू लोधी, भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भोपाल जिला प्रभारी बालिस्ता रावत, भानपुर विधायक प्रतिनिधि विनोद साहू, मंडल महामंत्रीगण सुबोध साहू, विमलेश कुमार, मंडल उपाध्यक्षगण नर्बदा सचान, हर्षसिंह राजपूत, मंडल मंत्रीगण बीएस मरमट, अनीता ठाकुर, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल कुचबंदिया, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष संदीप अहिरवार, मंडल महामंत्री बलराम रजक, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रमा कुशवाह, मंडल महामंत्री रीना धाकड़, वार्ड संयोजकगण देवेंद्र साहू, पूरन माली, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष ामदयाल धाकड़ के उपस्थिति में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कथा आयोजक राजू राठौर ने बताया कि 14 से 20 मार्च तक दोपहर 2 से 5 बजे तक पंडित सिद्धांत महाराज के द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ कराया जा रहा है। 21 मार्च को पूर्णाहुति प्रसादी वितरण किया जाएगा। कलश यात्रा में राधा-कृष्ण के स्वरूप, ध्वज, घोड़े, ढ़ोल, डीजे की धुन पर नृत्य करती महिलाएं तथा महाकाल मंडल की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहा। कलश यात्रा में भागवती पटेल, दिव्या पटेल, सीता चौरसिया, विमलेश ठाकुर, ज्योति विश्वकर्मा, सविता द्विवेदी, संध्या यादव, पुरुषोत्तम चौरसिया, किशनलाल चौरसिया, मोहन साहू, हुकुमसिंह बघेल, अक्षयवर ठाकुर, राजेश मालवीय, आकाश रायकवार, अभय यादव, दीपक कुशवाहा, सौरभ राठौर, राजकुमारी परिहार, शिव नारायण शर्मा, नारायण चंदेल, दशरथ नामदेव, नारायण दुबे, रानी भार्गव, संतोष राठौर एवं अनेकों पदाधिकारी, कार्यकर्ता, क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे ।



# प्राकृतिक आहार को अपनाकर पूर्णतः रोग मुक्त हो सकते हैं: सिद्ध भाऊ

## आरोग्य केन्द्र में दस दिवसीय शिविर में भव्य अनुभव समारोह का आयोजन





**संत हिरदाराम नगर।** आरोग्य केन्द्र द्वारा 5 मार्च से 14 मार्च तक दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर का आयोजन किया गया हैं जिसका भव्य अनुभव समारोह संत सिद्ध भाऊ की उपस्थिति में आयोजित किया गया। शिविर की गतिविधियों पर डॉ. गुलाब राय टेवानी ने प्रकाश डालते हुए बताया कि इस शिविर में अलग-अलग स्थानों से साधक पहुंचे है। जिन्हें विभिन्न प्रकार से स्वस्थ्य रहने का तरीका बताया गया।

इस कार्यक्रम में सिद्ध भाऊ ने अपने उद्धबोधन में शिविर में आए शिविरार्थियों से कहा कि संगति ऐसे व्यक्ति के साथ होना चाहिए जिसके विचार सकारात्मक हो और व्यसनों का सेवन नहीं करता हो। हम अपने विचारों को निर्मल कर स्वयं को स्वस्थ रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक आहार को अपनाकर हम अपने आप को पूर्णतः रोग मुक्त कर सकते हैं। गलत दिनचर्या व आहार से ही हमारे शरीर में रोग पैदा होते हैं। हमें अपनी दिनचर्या व आहार में परिवर्तन करना बहुत जरूरी है। हमें पक्काहार अर्थात अग्नि पर पक्की हुई वस्तुओं का सेवन नहीं करना चाहिए हमें प्राकृतिक व्यजनों का ही सेवन करना चाहिए। रात के समय पक्क आहार के जगह पर अपक्काहार का सेवन करना चाहिए, अपक्काहार अर्थात् फल, सलाद, रसाहार आदि वो आहार है जो हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर बीमारियों से निजात दिला सकते है।

# सहारा इंडिया के भुगतान को लेकर सेंट्रल लाइब्रेरी ग्राउंड में धरना प्रदर्शन किया




**भोपाल।** सहारा इंडिया के भुगतान को लेकर सुरेश शुक्ला सपाक्स वेलफेयर फाउंडेशन के संयोजक की नेतृत्व सेंट्रल लाइब्रेरी ग्राउंड में धरना प्रदर्शन किया गया भोपाल एवं मध्य प्रदेश के सभी विभिन्न जिलों से आए हुए कार्यकर्ता और जमा कर्ताओं ने प्रदर्शन किया विधानसभा का घेराव करने के लिए जब काफिला निकला तो हम सभी लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया यह सरकार की कैसी विडंबना है की अपना खून पसीने का पैसा जमा किया और आज सहारा इंडिया ने उनके पेट पर लात मारी थी और आज सरकार ने उनके पीठ पर लात मारी है यह पूरा भारत देख रहा है मध्य प्रदेश की सरकार बीजेपी की सरकार इसमें कांग्रेसी भी कुछ कहने से डर रही है हमें लगता है कि दोनों लोगों की सुब्रत राय से लंबी शॉर्टकट है मध्यप्रदेश की एक ऐसी पार्टी जो 2018 में गठन हुआ माई के लाल को लेकर उन्होंने 2018 में विधानसभा चुनाव लड़ा सपाक्स पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हीरालाल त्रिवेदी ने सहारा जमा कर्ताओं की लड़ाई लड़ने का बीड़ा उठाया है और सपाक्स वेलफेयर फाउंडेशन का सहयोग करने का भी आश्वासन दिया है मैं उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं और उनके सहयोग से मध्य प्रदेश के सहारा जमा कर्ताओं का भुगतान मिलने की उम्मीद जाग उठी है।

# सम्मान समारोह एवं संगीत संध्या आज

**भोपाल।** होली मिलन एवं अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सुरसाज म्यूज़िकल ग्रुप भोपाल - सम्मान एवं फिल्मी गीतों पर आधारित संगीत संध्या मुहब्बतें 15 मार्च शाम 5 बजे स्टेट म्यूज़ियम सभागार में आयोजित इस संध्या में भोपाल की डॉ. अश्विना रांगनेकर को लता मंगेशकर सम्मान तथा राजेश भट्ट को मो. रफी सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। डॉ. अश्विना रांगनेकर संगीत गुरू एवं गायक हैं, राजेश भट्ट गायक है तथा आकाशवाणी भोपाल में वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। ग्रुप अध्यक्ष साजिद प्रेमी ने बताया इस अवसर पर मशहूर शायरा व डायरेक्टर म.प्र. उर्दू अकादमी डॉ. नुसरत मेहदी, संगीत गुरू व गायक उल्हास तेलंग, गायक व उप पुलिस अधीक्षक बृज मोहन दायमा आदि उपस्थित रहेंगे।

# कांग्रेस नेता के.के. मिश्रा के सरकारी आवास से लायसेंसी रिवाल्वर चोरी

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के मिश्रा के सरकारी आवास पर अज्ञात चोरों ने दिन दहाड़े धावा बोलते हुए लायसेंसी रिवाल्वर, हजारो की नगदी सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज की फ़ाइल चोरी कर फरार हो गये। मीडीया से बातचीत करते हुए केके मिश्रा ने बताया कि वह सरकारी आवास मे रहते है, करीब 11बजे वो पार्टी कार्यालय चले गये थे। उनके सर्वेंट क्वार्टर में रहने वाले राजू उनके मकान की साफ-सफाई के साथ ही सब्जी का ठेला भी लगाता है। शाम करीब चार बजे राजू ने उन्हें मकान के ताले टूटे होने की सूचना दी। इसके घर पहुंचने पर उन्होनें देखा कि अज्ञात चोरो मेन गेट का ताला और कुंदा तोड़कर भीतर दाखिल हुए और और बेड रूम में रखी दो अलमारियो के ताले भी तोड़ते हुए उसमें रखी उनकी लायसेंसी रिवाल्वर करीब 22 हजार की नगदी और दो महत्वपूर्ण दस्तावेज की फ़ाइल चुरा कर ले गए। घटना की सूचना मिलने पर हबीबगंज पुलिस, एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए सुराग जुटाये। मीडीया से बातचीत करते हुए केके मिश्रा ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाये।

# बीएचईएल में 22 करोड़ की बिजली बचाने मंत्री विधायकों के साथ उच्च प्रबंधन की हुई बैठक

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

बीएचईएल उद्योग नगरी में हो रहे सालाना 22 करोड़ की बिजली बचत कराने को लेकर ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लाईज यूनियन के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम आने लगा है। पूर्व से ही बार बार बीएचईएल प्रबंधन एवं क्षेत्रीय विधायक को ज्ञापन सौंप कर तथा पोस्टर, बुलेटिन एवं द्विपक्षीय वार्ता की बैठकों में बिजली बर्बादी का मुद्दा उठाते आ रहा है। जिसे गंभीरतापूर्वक लेते हुए क्षेत्रीय विधायक कृष्णा गौर जी द्वारा पूर्व में बीएचईएल प्रबंधन एवं बिजली विभाग के जिम्मेदार तथा उच्च अधिकारियों के कई दौर की बैठकें आयोजित कराया गया। अब इस मामले को ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर को अवगत कराया गया। परिणाम स्वरूप क्षेत्रीय विधायक, ऊर्जा सचिव, बिजली विभाग, क्षेत्रीय पार्षद, बीएचईएल प्रबंधन तथा बीएचईएल की प्रतिनिधि यूनियन ऑल इंडिया बीएचईएल एंप्लाइज यूनियन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया एवं उद्योग नगरी में हो रहे बिजली की समस्या को हल करने हेतु बातचीत किया गया। इस पहलू पर सकारात्मक बातचीत हुई है। बैठक में शामिल



बिजली वितरण कंपनी भी इस समस्या को हल करने हेतु अपनी प्रतिबद्धता जताई है अगर यह समस्या हल हो जाती है तो उद्योग नगरी में स्थित वस्तियों को क्षेत्रिय बिजली वितरण कंपनी के माध्यम से स्थाई बिजली कनेक्शन दे दिया जाएगा। इस तरह बीएचईएल को हो रही लगभग 22 करोड़ सालाना बिजली की नुकसान से निजात मिल पाएगी। इस बैठक में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, क्षेत्रीय विधायक कृष्णा गौर, ऊर्जा विभाग के सचिव एमआर रघुराजन, क्षेत्रीय पार्षद, बिजली वितरण कंपनी के अधिकारी, बीएचईएल प्रबंधन की ओर से कार्यपालक निदेशक विनय निगम जी एवं महाप्रबंधक मानव संसाधनअविनाश चंद्रा जी तथा ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लाइज यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष राम नारायण गिरी उपस्थित रहे।

# डोर-टू-डोर सर्वे कर ई-केवायसी किया जाना सुनिश्चित करें :ऋतुराज

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

## लाड़ली बहना योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत ऋतुराज ने मंगलवार को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की समीक्षा बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की सी.डी.पी.ओ. तथा जनपद पंचायत के ए.डी.ई.ओ./पी.सी.ओ. को समय-सीमा में योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सी.ई.ओ. ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की शासन की प्राथमिकता की योजना है, इसमें पंचायती राज विभाग के अमले यथा ए.डी.ई.ओ. व पी.सी.ओ. तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अमले के साथ मिलकर रणनीति बनाकर योजना का सफल क्रियान्वयन किया जाना है। बैठक में बताया गया कि योजना के प्रथम चरण में 18 मार्च तक डोर-टू-डोर सर्वे कर महिला हितग्राहियों की ई-के.वाय.सी. अपडेट-वेरीफिकेशन पूर्ण की जाना है। योजना के द्वितीय चरण में 24 मार्च तक हितग्राही से कंसेंट फार्म लेकर बैंक लिकेंज और अन्य औपचारिकताओं की कार्यवाही की जाएगी। इस सम्बन्ध में विभाग प्रमुख को भी निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मदद से युद्ध स्तर पर इस कार्य को प्रारंभ कर प्रतिदिन इसकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें । योजना के तृतीय चरण में 25 मार्च से योजना के आवेदन भरने की प्रक्रिया की जाएगी ।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.के. वर्मा, सी.ई.ओ. जनपद पंचायत, फंदा शंकर पांसे सी.ई.ओ. बैरसिया दिलीप जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास सुनील सोलंकी, नोडल अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव सहित दोनों विकासखण्ड के ए.डी.ई.ओ./पी.सी.ओ. व सी.डी.पी.ओ. उपस्थित थे ।

# सोनी मैक्स करेगा ब्लॉकबस्टर फिल्म कांतारा का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर




**भोपाल।** ऋषभ शेट्टी की मुख्य भूमिका से सजी और अभिनीत इस फिल्म का प्रसारण टेलीविजन पर पहली बार रविवार 19 मार्च को रात 8 बजे सिर्फ सोनी मैक्स पर किया जायेगा। देश-विदेश के बॉक्स ऑफिस पर बेशुमार कामयाबी हासिल करने के बाद हालिया समय की एक सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म कांतारा, जोकि एक ऐक्शन थ्रिलर मूवी है, टेलीविजन पर दर्शकों का दिल जीतने के लिये तैयार है। इस फिल्म का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर भारत के एक अग्रणी बॉलीवुड मूवी चैनल सोनी मैक्स पर रात 8 बजे किया जायेगा। ऋषभ शेट्टी द्वारा लिखित एवं निर्देशित फिल्म कांतारा में ऋषभ शेट्टी ने खुद लीड किरदार को निभाया है। इसके साथ ही सप्थमी गौड़ा और किशोर कुमार जी की भी इस फिल्म में अहम भूमिका है। कांतारा एक बेमिसाल सिनेमाई कृति है, जिसमें लोककथा और ड्रामा का एक खूबसूरत संयोजन दिखाया गया है। यह फिल्म भारत की समृद्ध संस्कृति और रीति-रिवाजों को दर्शाती है। कर्नाटक के कड़ाबेट्टु के जंगलों की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म भूत कला (एक आध्यात्मिक नृत्य) और काम्बला (वार्षिक बुल रेस) जैसी परंपराओं के साथ मनुष्य एवं प्रकृति के बीच के संघर्ष को उजागर करती है। इस फिल्म ने न सिर्फ लाखों दर्शकों का दिल जीता और खूब वाहवाही लूटी, बल्कि इसे आलोचकों ने भी समान रूप से पसंद किया।

# निगमायुक्त ने राजस्व वसूली व समाधान शिविरों का किया निरीक्षण

## कर भुगतान के लिए नोटिस तामील करने के दिए निर्देश

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

नगर निगम आयुक्त द्वारा सम्पत्तिकर एवं जल उपभोक्ता प्रभार सहित अन्य कर की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित कराने हेतु निरंतर जोन/वार्ड कार्यालय व राजस्व वसूली एवं समाधान शिविरों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में निगम आयुक्त ने मंगलवार को विभिन्न जोन व वार्ड क्षेत्रों में राजस्व वसूली कार्य का निरीक्षण किया और शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने निर्देश दिए।

नगर निगम आयुक्त के.वी.एस. चौधरी मंगलवार को विभिन्न जोन, वार्ड कार्यालयों एवं वार्ड क्षेत्रों में लगे राजस्व वसूली व समाधान केन्द्रों का निरीक्षण किया और राजस्व वसूली संबंधी कार्यवाही सहित नोटिस तामीली, आपत्ति निराकरण, बकायेदारों के विरूद्ध कार्यवाही आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त ने इस दौरान जोन, वार्ड शिविरों में करदाताओं से भी चर्चा की और अन्य लोगों को भी करों की अदायगी हेतु प्रेरित करने के साथ ही 31 मार्च 2023 तक हर हाल में करों की अदायगी करने अन्यथा संपत्ति की कुर्की, नीलामी व स्वयं के उपयोग की संपत्ति पर दी जाने वाली रियायत से वंचित किये जाने संबंधी समझाइश देने को भी कहा। निगम आयुक्त ने राजस्व अमले को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने हेतु राजस्व वसूली संबंधी कार्यवाही को और अधिक प्रभावी ढंग से करें तथा करदाताओं से सतत रूप से संपर्क स्थापित कर करों की अदायगी हेतु प्रेरित करने तथा करों की अदायगी न करने वालों के नोटिस घर-घर जाकर तामील कराने अथवा नोटिस चस्पा करने की कार्यवाही त्वरित गति से करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि करदाताओं को 31 मार्च 2023 तक करों की अदायगी न करने पर अधिभार लगने, स्वयं के उपयोग वाली संपत्तियों पर दी जाने वाली 50 प्रतिशत की छूट समाप्त होने तथा संपत्तियों की नीलामी की कार्यवाही संबंधी जानकारी देकर करों की अदायगी हेतु प्रेरित करें।निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त चंद्र प्रताप गोहल एवं संबंधित जोनल अधिकारी व निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।



# समन्वयक समर्पित भाव से योजनाओं का करें प्रचार-प्रसार: शिवराज सिंह चौहान

## जन अभियान परिषद के समन्वयकों की प्रशिक्षण-सह कार्यशाला



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों को पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के समन्वयक चुनौतियों का सामना करते हुए आगे बढ़ते जाएँ। टीम के रूप में समर्पित भाव से राज्य शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि समन्वयक सचमुच में सरकार के प्राण हैं। उन्हें राज्य सरकार के बड़े उद्देश्य को पूरा करना है। मुख्यमंत्री चौहान समृद्धि योजना में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग, जिला और विकासखण्ड समन्वयकों की एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि पेसा नियम लागू करना कोई आसान काम नहीं है। सोशल मीडिया हमारी योजनाओं को जनजातीय वर्गों तक पहुँचाने का माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के सहयोग से ही प्रदेश का विकास होगा। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना सामाजिक क्रांति और महिला सशक्तिकरण की दुनिया की सबसे बड़ी योजना है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि सीएम जन सेवा मित्र, पेसा को-आर्डिनेटर सजग रह कर चुनौती के रूप में कार्य करें। मेरे भाव और विचार जनता तक प्रभावी रूप से पहुँचाये। परिषद के उपाध्यक्ष जितेन्द्र जामदार भी उपस्थित थे।

### मध्यप्रदेश को सिंचाई क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार

केन्द्रीय सिंचाई एवं ऊर्जा ब्यूरो ने प्रदेश को सिंचाई क्षेत्र में हुए कार्यों के लिए उत्कृष्ट राज्य चुना है। ब्यूरो सीबीआईपी अवार्ड के लिये मध्यप्रदेश की मोहनपुरा एवं कुण्डालिया परियोजना के सफल क्रियान्वयन के आधार पर नामांकन दाखिल किया गया था। मध्य प्रदेश ने जल संसाधन के दक्षतम उपयोग में प्रथम स्थान अर्जित किया है। मध्यप्रदेश को यह अवार्ड 3 मार्च को नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री आर.के. सिंह ने प्रदान किया। इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री चौहान ने आज विधानसभा समिति कक्ष में मंत्रि-परिषद की बैठक शुरू होने के पहले जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और विभागीय अमले को बधाई दी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिंचाई क्षेत्र के विस्तार के लिए निरंतर निर्णय लिए और प्रदेश की अनेक सिंचाई योजनाएँ मंजूर कर उन्हें क्रियान्वित भी किया। मुख्यमंत्री चौहान के विजन एवं विशेष प्रयासों से गत 15 वर्ष से राज्य के सिंचित क्षेत्र को 8 लाख हेक्टेयर से 45 लाख हेक्टेयर तक पहुँचाया गया है। मुख्यमंत्री चौहान की दृढ़-इच्छा शक्ति से पिछले 3 साल में मध्यप्रदेश में नवीन तकनीक का प्रयोग कर प्रेशर पाईप प्रणाली से पानी खेतों तक पहुँचाया गया है। पाईप प्रणाली से सिंचाई कर नहर प्रणाली की तुलना में समान जल में दोगुने से भी अधिक क्षेत्र में सिंचाई करने वाले पहले राज्य के रूप में मध्यप्रदेश की पहचान बनी है।

# युवाओं को नशे की लत से बचाना है: जालम सिंह पटेल

## अखिल भारतीय लोधा लोधी लोध महासभा की हुई बैठक



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

अखिल भारतीय लोधा लोधी लोध महासभा की एक दिवसीय बैठक भोपाल के ई 45 बंगला में हुई। अखिल भारतीय लोधा लोधी लोध महासभा की बैठक में प्रादेशिक पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में सामाजिक गतिविधियों पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए समाज के प्रदेश अध्यक्ष नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल ने कहा कि युवा नशे की ओर भाग रहे हैं। नशे की लत के कारण युवा अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। अगर हमने युवाओं को बचा लिया तो समझो समाज को बचा लिया। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम ने कहा था कि एक समय ऐसा था जो शारीरिक रूप से मजबूत होते थे वह राज करते थे पर आज ऐसा नहीं है। आज जिनके पास ज्ञान का भंडार है वह राज कर रहे है। ज्ञान का भंडार शिक्षा से आएगा इसलिए समाज को शिक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान देना चाहिए। समाज व्यापार के क्षेत्र में भी काफी पीछे हैं इसलिए व्यापार के क्षेत्र में लोगों को आगे आना चाहिए।

बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष कोक सिंह नरवरिया, विधायक प्रदुयम सिंह लोधी, कल्याण सिंह कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, विजय सिंह पडेरिया प्रदेश संगठन महामंत्री, प्रीतम सिंह लोधी प्रदेश महामंत्री, युवा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महेश नरवरीय, राहुल वर्मा जिला अध्य,क्ष, हरि सिंह वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता रघुवीर सिंह लोधा, राष्ट्रीय महामंत्री , भानु लोधी, कान्तीर पटेल, अनीता वर्मा, कमलेश वर्मा, तृष्ती् सिंह, संदीप डोगर सहित अन्य सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

# 33 करोड़ का फर्जी डिमांड ड्राफ्ट बैंक में जमा कराने पहुंचा कनार्टक का युवक गिरफ्तार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राजधानी की हबीबगंज पुलिस ने कनार्टक के एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है, जो 33 करोड़ का फर्जी डिमांड ड्राफ्ट लेकर पीएनबी बैंक में जमा कराने पहुंचा था। जानकारी के अनुसार भगवान सिंह यादव मनीषा मार्केट स्थित पंजाब नेशनल बैंक के ब्रांच मैनेजर हैं। उन्होनें बताया कि सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे प्रभुदेवटी त्रिहात्रिनाथ नाम का व्यक्ति बैंक में 33 करोड़ रुपए का डिमांड ड्राफ्ट जमा कराने आया था। करोड़ो की रकम का डीडी देखकर बैंक कर्मचारियों को शक हुआ, और उन्होंने मैनेजर भगवान सिंह यादव को इसकी जानकारी दी। जब डीडी की जांच की गई तो पता चला कि वह डिमांड ड्राफ्ट फर्जी है। इसके बाद मैनैजर भगवान सिंह ने तुरंत ही इसकी सूचना पुलिस को देते हुए अन्य कर्मचारियों की मदद से जालसाज को पकड़ा और उसे थाने लेकर पहुंचे। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में आरोपी प्रभु देवटी ने बताया कि वह मूल रूप से कनार्टक का रहने वाला है, और यह डिमांड ड्राफ्ट उसे दिल्ली के एक व्यापारी ने दिया था। आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मामला कायम कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## हिंदी पत्रकारिता के लिए वेदप्रताप वैदिक और दिलीप ठाकुर का जाना बुरी खबरः गोविंद मालू

**भोपाल।** गोविंद मालू ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता के प्रमुख आधार स्तम्भ और प्रदेश को पत्रकारिता के राष्ट्रीय ही नही अंतरराष्ट्रीय पटल पर पहचान व गौरव दिलाने वाले वेदप्रताप वैदिक का निधन अपूरणीय क्षति है।

**हिंदी का एक सेवक हमसे बिछुड़ गया:** इसी तरह दूसरी बुरी खबर संजीदा मिलनसार पत्रकार दिलीप ठाकुर का हमसे बिछुड़ना इंदौर और प्रदेश के पत्रकारिता की क्षति है। लंबे समय तक नईदुनिया में सेवा देने वाले दिलीप भाई हमेशा याद आएंगे। गोविंद मालू ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## पं. उद्धवदास मेहता वैद्य शास्त्री आयुर्वेद सेवा सम्मान पुरस्कार वितरण समारोह 17 को

**भोपाल।** मप्र शासन आयुष विभाग द्वारा स्थापित पं. उद्धवदास मेहता वैद्य शास्त्री आयुर्वेद सेवा सम्मान पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन रजत जयंती ऑडिटोरियम पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्थान साइंस हिल्स मैनिट के पीछे कोला नेहरू नगर बायपास रोड में 17 मार्च को किया जा रहा है। सायं 4 बजे से आयोजित यह कार्यक्रम राज्यपाल मंगु भाई पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रामकिशोर कावरे की उपस्थिति में संपन्न होगा।

## भोपाल के 57 हजार से अधिक पॉंचवीं-आठवीं कक्षाओं के बच्चे 143 केन्द्रों पर देंगे बोर्ड पैटर्न परीक्षा

**भोपाल।** राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जा रही पॉंचवीं आठवीं कक्षाओं की बोर्ड पैटर्न परीक्षा में इस वर्ष भोपाल के लगभग 67,932 विद्यार्थी शामिल होंगे। ये विद्यार्थी 2479 शासकीय, अशासकीय विद्यालयों एवं मदरसो में अध्ययनरत् हैं। भोपाल स्थानीय प्रशासन ने इन विद्यार्थियों के सुचारु आवागमन के लिए नजदीकी स्कूलों में 143 परीक्षा केन्द्र बनाए हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि ये केन्द्र संबंधित स्कूलों से अधिक दूरी पर ना हो साथ ही इन केन्द्र स्कूलों की क्षमता अनुसार विद्यार्थियों के लिए सुविधाएँ उपलब्ध रहें।

# संगठन विस्तार के तहत विधि प्रकोष्ठ सांस्कृतिक प्रकोष्ठ एवं सुदर्शन प्रकोष्ठ में हुई नियुक्तियां

**जबलपुर ।** विगत दिवस जबलपुर में आयोजित बैठक में बड़ी तादाद में विधि एवं न्याय क्षेत्र में काम करने वाले अधिवक्ताओं ने जनता दल यू की सामाजिक न्याय की नीतियों से प्रभावित होते हुए नीतीश जी की जाति गणना एवं शराबबंदी महिला सशक्तिकरण और अति दलित अति पिछड़े वर्गों के लिए किए जा रहे काम एवं नीतियों से प्रभावित होकर जनता दल यू की सदस्यता ग्रहण की और प्रदेश अध्यक्ष सूरज जायसवाल की उपस्थिति में जदयू की सदस्यता ग्रहण की बैठक में कला क्षेत्र के मशहूर संगीतकार मैथ्यूज क्लेटन ने अपने साथियों सहित जनता दल यू की सदस्यता ग्रहण की बबलू मैथ्यूज ने कहा कि जनता दल यू ही एक ऐसा राजनीतिक दल है जो राजनीति बाद में लेकिन समाज हित के लिए पहले काम करता है। एडवोकेट आर जी वर्मा ने कहा कि देश में बिहारी राज्य है जिसने अति पिछडे वर्ग के समाज को चिन्हित किया किया और उसके लिए आरक्षण भी दिया जिसकी मध्यप्रदेश में बहुत ज्यादा आवश्यकता है इसमें एडवोकेट मनोज चौधरी प्रदेश सचिव सुदर्शन प्रकोष्ठ, एडवोकेट अनिल गोल्हानी प्रदेश महासचिव विधि प्रकोष्ठ, एडवोकेट राम गिरीश वर्मा-महासचिव विधि प्रकोष्ठ, मैथ्यू क्लेटन (बबलू मैथ्यू)-प्रदेश अध्यक्ष कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ। नवनियुक्त पदाधिकारियों को उपस्थित जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष नेमा अल्पसंख्यक जबलपुर मोर्चा के अध्यक्ष इमाम खान एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

# प्रवासी साहित्य पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में अंग्रेजी विभाग द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिसका विषय था (प्रवासी साहित्य में लिंग परिदृश्य) संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल सर के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें विभाग ने विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. जी. एस. गौतम( पूर्व अंग्रेजी विभागाध्यक्ष आई.ई.एच.ई), डॉ. शिवानी बसु दुबे( विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग बी. एस.एस.एस. कॉलेज) एवं डॉ. श्रीजा त्रिपाठी, शर्मा (एस.एन.पी.जी कॉलेज) को आमंत्रित किया। कार्यशाला का प्रारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. ए. के. चतुर्वेदी द्वारा अतिथियों के स्वागत में कुछ शब्द कहे। इसके पश्चात् डॉ. सीमि महमूद( आयोजन सचिव) ने छात्रों को विषय के बारे में अवगत कराया। सत्र की शुरुआत अतिथि डॉ. जी. एस. गौतम सर ने विषय के बारे में गहन चर्चा की और बताया कि कैसे प्रवासीकरण ने साहित्य के ऊपर प्रभाव डाला है। तदपश्चात् डॉ. श्रीजा त्रिपाठी ने विषय के बारे में कुछ नए विचार छात्रों के सामने रखे और उन्होंने बड़े ही अच्छे तरीके से कल्पना और वास्तविकता के बीच का अंतर समझाया। कार्यशाला के आखिर में डॉ. शिवानी बसु दुबे ने समझाया कि कैसे प्रवासीकरण ना केवल नकारात्मकता से जुड़ा है बल्कि उसमें कुछ सकारात्मक चीज़ें भी छुपी हैं।उनका लगभग सारा समय छात्रों से संवाद करते गुज़रा, जिसमें विषय से संबंधित नई बारीकियों पर चर्चा हुई।

कार्यशाला का संचालन डॉ. देबोप्रिया डे द्वारा किया गया एवं कार्यशाला का समापन तंजाह कुरेशी मैडम एवं अदिति शुक्ला मैडम द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यशाला में संस्थान के 100 से अधिक छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और कार्यशाला को सफल बनाया। भविष्य में संस्थान के संचालक महोदय द्वारा ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन नियमित समय से करवाना सुनिश्चित किया।

# एम्स में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला आयोजित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



एम्स में एक पूर्ण दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रो. (डॉ.) अजय सिंह, कार्यपालक निदेशक, एम्स, भोपाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर कर्नल (डॉ.) अजीत कुमार, उप निदेशक (प्रशासन), श्री मयंक कपूर, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, ज्ञानेंद्र भूषण प्रसाद, ऑफिसिएटिंग प्रशासनिक अधिकारी सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी शामिल हुए ।

प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने इस अवसर पर अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों से आह्वान किया कि हिंदी कार्यशाला में हासिल ज्ञान की सार्थकता तभी है जब आप उसका अपने कार्यों में उपयोग करें । उन्होंने कहा कि आपकी रूचि और इच्छा शक्ति से आप कोई भी भाषा सीख सकते हैं और किसी भी तरह का ज्ञान हासिल कर सकते हैं । ज्ञान हासिल करना जितना महत्वपूर्ण है उतना ही महत्वपूर्ण उस ज्ञान का सदुपयोग करना है । संस्थान में राजभाषा हिंदी में काम काज का बेहतर वातावरण है । हाल ही में संसदीय राजभाषा समिति द्वारा संस्थान में राजभाषा निरीक्षण के दौरान एम्स, भोपाल के हिंदी कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त बताया गया है । उन्होंने बताया कि विभिन्न तकनीकी टूलों के विकास के कारण अब राजभाषा हिंदी में कार्य करना बेहद आसान हो गया है। अत: यह आवश्यक है कि हम हिंदी कार्य के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें ।

कार्यपालक निदेशक द्वारा कार्यशाला के विधिवत शुभारंभ की घोषणा के साथ ही कार्यशाला का प्रथम सत्र प्रारंभ हुआ । जिसमें व्याख्याता के रूप में डॉ. मुद्दा सोफिया, चिकित्सा अधिकारी (योग) द्वारा अपने व्याख्यान में योग की उत्पत्ति तथा योग के इतिहास पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई । उन्होंने योग और व्यायाम में मूलभूत अंतर को रेखांकित करते हुए बताया कि योग में मन का नियंत्रण व एकाग्र चित होना आवश्यक है । कार्यशाला के दूसरे सत्र में डॉ. (मेजर) मयंक दीक्षित, उप चिकित्सा अधीक्षक, एम्स, भोपाल द्वारा वित्तीय नियमों, नोटिंग ड्रॉफ्टिंग तथा संस्थान की खरीद प्रक्रिया पर अत्यंत सारगर्भित एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की गई । उन्होंने कार्यशाला मे जीवंत संवाद की व्याख्या करते हुए बताया कि कार्यशाला में प्रतिभागियों से सीधा संवाद बेहद आवश्यक है । उन्होंने प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान करते हुए कहा कि, हम अपने अनुभवों के साथ-साथ ही निरंतर सीखते हैं इसलिए हमें सभी दस्तावेजों को गंभीरता एवं सजगता के साथ पढ़ने की आदत डालना चाहिए ।

# वन नेशन-वन राशन योजना का लाभ सभी को मिलना सुनिश्चित करें: डॉ. मिश्रा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

## गृह मंत्री की अध्यक्षता में हुई आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश 2023 और अमृत काल 2047 सुशासन से संबंधित मंत्री समूह की बैठक



गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने वन नेशन-वन राशन योजना का लाभ सभी हितग्राहियों को अनिवार्य रूप से मिलना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। मंत्री डॉ. मिश्रा आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश 2023 और अमृत काल 2047 सुशासन से संबंधित मंत्री समूह की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में 7 विभागों के निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा की गई। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया, पशुपालन मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री रामखेलावन पटेल, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन श्री विनोद कुमार और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ मिलने में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। राशन मिलने में होने वाली गड़बड़ी से संबंधित दोषियों का चिन्हांकित कर उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें। हितग्राहियों को राशन लेते ही उनके मोबाइल पर हिन्दी में एसएमएस भेजने के पुख्ता प्रबंध करें।

सहकारिता मंत्री डॉ. भदौरिया ने योजनाओं से अधिकतम पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिये लक्ष्य बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि देश में सबसे पहले मध्यप्रदेश में पेक्स सोसायटी के डिजिटाइजेशन का कार्य करने का लक्ष्य रखा गया है। जल्द ही इस लक्ष्य को पूर्ण भी किया जायेगा। पेक्स के बेहतर संचालन के लिये आवश्यक प्रबंध भी किये जा रहे हैं। आगामी एक साल में 10 हजार पंचायतों में पेक्स सोसायटी की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पशुपालन मंत्री श्री पटेल ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं का समय पर लाभ दिया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन की सार्थकता तभी है, जब तत्परता से जनता लाभान्वित हो। पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा कि योजनाओं का लाभ मैदानी स्तर पर ग्रामीणों को उपलब्ध हो। उन्होंने सरकार की योजनाओं को जल्द से जल्द क्रियान्वित करने के निर्देश दिये। बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, सहकारिता, जनजातीय कार्य, लोक सेवा प्रबंधन, पशुपालन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, राजस्व तथा परिवहन विभाग की समीक्षा की गई।

## सम्पादकीय

# वायरल संक्रमणों की मार

पूरा देश इन दिनों वायरल संक्रमणों की तिहरी मार झेल रहा है। एक साथ तीन-तीन वायरल संक्रमणों ने लोगों में डर का माहौल पैदा कर दिया है। कई राज्यों में कोविड-19, एच3एन2 और एच1एन1 के मामलों में तेजी से इजाफा हो रहा है। संक्रमण के मामलों की निगरानी कर रहे आईडीएसपी के मुताबिक 28 फरवरी तक देशभर में एच1एन1 के 955 मामले दर्ज किए गए, इस संक्रमण को स्वाइन फ्लू भी कहा जाता है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने के एक बयान के मुताबिक, देश में एच1एन1 के तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 545, महाराष्ट्र और गुजरात में 170, केरल में 42 और पंजाब में 28 मामले सामने आए हैं। इसके अलावा आईडीएसपी के डेटा के अनुसार जनवरी के महीने में देशभर में श्वसन संबंधी बीमारी और इन्फ्लुएंजा के 3 लाख 97 हजार मामले सामने आए थे, जो फरवरी में बढ़कर 4 लाख 36 हजार के पार चले गए। एक अधिकारी ने बताया कि मार्च के पहले 9 दिनों में ही इन्फ्लुएंजा के 1 लाख 33 हजार मामले सामने आए हैं।

मंत्रालय ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार एसएआरआई या आईएलआई से पीड़ित मरीजों के सैंपल की टेस्टिंग करने पर करीब 79 फीसदी लोगों में इन्फ्लूएंजा ए की पुष्टि हुई। वहीं करीब 14 फीसदी मामलों में इन्फ्लुएंजा बी विक्टोरिया की पुष्टि हुई। इन्फ्लुएंजा बी भी एक सबवेरिएंट है। इसके अलावा 7 फीसदी लोगों में एच1एन1 यानी स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई, ये तीसरा सबसे ज्यादा पाया जाने वाला इन्फ्लूएंजा वायरस है। हाल ही में देश के कुछ हिस्सों में कोरोना मामलों में उछाल देखा गया है। उदाहरण के लिए, दिल्ली में 3.24 प्रतिशत कोविड पॉजिटिव रेट दर्ज किया गया है। दिल्ली में 401 सैंपल्स की टेस्टिंग करने पर 13 लोग कोविड पॉजिटिव पाए गए। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र लिखकर इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी के लिए अलर्ट रहने को कहा। उन्होंने कहा कि इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी या गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण के मामलों की निगरानी करने के लिए गाइडलाइन का पालन किया जाना चाहिए।

मध्यप्रदेश की बात करें तो प्रदेश के अधिकांश शहरों में फ्लू के कारण अस्पतालों में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ गई है। आलम यह है कि राजधानी भोपाल में पिछले हफ्ते के मुकाबले अभी ओपीडी में आने वाले मरीज 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गए हैं। इसमें दो बातें विशेष हैं। पहली फ्लू की चपेट में बच्चे और बुजुर्ग ज्यादा आ रहे हैं। दूसरी यह कि संक्रमण फैल तो तेजी से रहा है, लेकिन मरीजों की हालत गंभीर नहीं हो रही है। यानी मरीजों को अस्पताल में भर्ती करने की नौबत नहीं आ रही है।

लोगों को खांसी के साथ ही बुखार भी आ रहा है और वो 4 से 6 दिन में जा रहा है, जबकि खांसी 15 से 20 दिन तक चल रही है। कई बार तो और लंबी खिंच जाती है। तमाम कफ सीरप फेल हो चुके हैं। सामान्य तौर पर फ्लू से पीड़ित मरीजों को खांसी की समस्या बहुत हो रही है। जो 20 दिन तक भी चल रही है। खासकर सोते वक्त खांसी ज्यादा आ रही है। चिकित्सक कहते हैं, लगातार खांसी आए तो पेट के बल लेटेगें तो खांसी में राहत मिलेगी। मुलेठी और लेंडी पीपल का पाउडर शहद में मिलाकर खाने से खांसी में राहत मिल रही है। लेकिन समस्या बढ़े तो चिकित्सक को ही दिखाना बेहतर होगा।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को पत्र लिखा है, लेकिन मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य विभाग कतई सक्रिय नहीं हुआ है। जबकि इन्फ्लुएंजा के मरीजों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है, वहीं कोविड पाजिटिव भी आने लगे हैं। हाल ही में इन्फ्लुएंजा से दो लोगों की मौत की खबर भी सामने आई थी। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग को न केवल अस्पतालों में विशेष व्यवस्था करना चाहिए, अपितु जागरूकता अभियान भी चलाया जाना चाहिए। लोगों को भी अलर्ट रहने की आवश्यकता है, क्योंकि यह बीमारी कोविड को भी आमंत्रण दे सकती है। लोग सावधानी बरतें। किसी भी बीमारी को सामान्य न मानकर गंभीरता से इलाज करवाएं।

# वेद प्रताप वैदिक: पत्रकारिता में हिंदी के लिए संघर्ष करने वाला चला गया

**राजेश बादल**

वेद प्रताप वैदिक अब नहीं हैं- यक़ीन नहीं आता। कुछ दिन पहले जंगपुरा में हम मिले थे। एक जन्म दिन पार्टी में। उस दिन वे सामान्य नहीं थे। कुछ उद्विग्न थे। हिंदी समाचार पत्रों की भाषा को लेकर दुखी थे। कह रहे थे, हर अख़बार का मैनेजमेंट तो एक जैसा ही होता है। लेकिन इन पत्रकारों और संपादकों को क्या हो गया है? वे करोड़ों पाठकों को भाषा के नाम पर कैसे ठग सकते हैं?

अगर हिंदी का शब्द नहीं हो तो एक बार अँगरेज़ी का शब्द स्वीकार किया जा सकता है। मगर, हिंदी में जब अँगरेज़ी से बेहतर शब्द हैं तो उनका इस्तेमाल क्यों नहीं होता? यदि हिंदी नहीं सूझे तो उर्दू का शब्द उठा लो। वह भी हमारे हिन्दुस्तान से जन्मी है, पर हमारे हिंदी संपादक और पत्रकार सुधरना ही नहीं चाहते। इसी पर हम देर तक माथा पच्ची करते रहे। यह हमारी अंतिम मुलाक़ात थी। इसके बाद एकाध बार फ़ोन पर बात हुई। पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान के रिश्तों के बारे में। अक्सर हम ऐसे विषयों पर आपस में चर्चा करते रहते थे। अब हमेशा के लिए ये चर्चाएँ थम गई हैं। सिर्फ़ यादों की तस्वीर बाक़ी है।

बात संभवतया 1981 के आख़िर की है। मैं उन दिनों नई दुनिया का सह संपादक था। राजेंद्र माथुर हमारे प्रधान संपादक थे। वैदिक जी उन दिनों नवभारत टाइम्स में थे। वे चूँकि पत्रकारिता के इंदौर घराने से ही निकले थे इसलिए महीने दो महीने में इंदौर आते रहते थे। ऐसी ही एक यात्रा के दौरान मेरी उनसे पहली मुलाक़ात हुई थी। उनके संपादन में प्रकाशित ग्रन्थ पत्रकारिता के विविध आयाम मैं पढ़ चुका था। मैंने उसकी तारीफ़ की। उन्होंने कहा कि तमाम सावधानी के बाद भी इसमें कई त्रुटियाँ रह गई हैं। अगले संस्करण में इनको दूर करूँगा। और वे मुस्कुरा दिए। इतने में प्रधान संपादक राजेंद्र माथुर आ गए। वैदिक जी उनका बड़ा सम्मान करते थे। माथुर जी उनसे लगभग दस साल बड़े थे। दोनों के बीच यह इंदौरी रिश्ता हरदम बना रहा।



असल में उनके भीतर हिंदी प्रेम तो कॉलेज के दिनों में ही जाग गया था। जाने माने हिंदी प्रेमी और मूर्धन्य संपादक राहुल बारपुते, सरोज कुमार, कृष्ण चंद पंत और प्रभाष जोशी की सोहबत ने उनके राष्ट्रभाषा प्रेम को और निखारा। कुछ समय उन्होंने नई दुनिया में काम किया। इसके बाद वे दिल्ली आ गए। जेएनयू से उन्होंने अफ़ग़ानिस्तान के मामलों पर अपनी पीएचडी की। अपना शोध प्रबंध उन्होंने हिंदी में दाख़िल किया था। लेकिन विश्वविद्यालय उनसे अँगरेज़ी में शोध प्रबंध चाहता था। विरोध में वैदिक जी धरने पर बैठ गए। उनके धरने को व्यापक समर्थन मिला। अंतत: विश्वविद्यालय को झुकना पड़ा और वैदिक जी जीत गए।

कुछ समय बाद वैदिक जी नव भारत टाइम्स परिवार में शामिल हो गए। इसी बीच राजेंद्र माथुर नव भारत टाइम्स के प्रधान संपादक पद पर दिल्ली पहुँचे और भारतीय हिंदी पत्रकारिता का स्वर्णयुग प्रारंभ हुआ। माथुर जी के कार्यकाल में वैदिक जी ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर लेखों की झड़ी लगा दी। यह सिलसिला चल ही रहा था कि वैदिक जी को प्रेस ट्रस्ट ऑफ़ इंडिया की हिंदी संवाद समिति 'भाषा' शुरू करने का प्रस्ताव मिला।

टेलिप्रिंटर में हिंदी भाषा के फॉन्ट भी इसी कालखंड में सुधरे। मुझे याद है कि एक दिन मैं नई दुनिया में काम कर रहा था तो वैदिक जी ने मुझे समाचार संपादक पद पर काम करने का ऑफर दिया। लेकिन तब तक मुझे राजेंद्र माथुर जी ने नव भारत टाइम्स के लिए चुन लिया था। इसलिए मैंने विनम्रतापूर्वक उस निमंत्रण को नामंज़ूर कर दिया। लेकिन नवभारत टाइम्स के दिनों में उनके साथ गपशप का भरपूर मौक़ा मिला। वे देश में हिंदी की प्रतिष्ठा के लिए समर्पित हो गए थे। हाल के वर्षों में वे सम सामयिक विषयों पर क़रीब क़रीब रोज़ ही एक आलेख लिख रहे थे। स्वतंत्र पत्रकार होने के नाते कह सकता हूँ कि प्रतिदिन लिखना आसान नहीं होता। लेकिन वैदिक जी के लिए यह चुटकियों का काम था। उनके आलेख पाठकों को झकझोरते थे।

दरअसल, वैदिक जी के कई रूप हैं। एक स्वतंत्र लेखक, एक कुशल वक्ता, एक हिंदी प्रेमी, एक पत्रकार, एक संपादक, अंतरराष्ट्रीय संबंधों का जानकार अथवा एक मिलनसार व्यापक संपर्कों वाला बेहतरीन इंसान। हिंदी पत्रकारिता में हीरानंद सच्चिदानंद वात्सायन अज्ञेय, राजेंद्र माथुर, रघुवीर सहाय, डॉक्टर धर्मवीर भारती, कुलदीप नैयर और प्रभाष जोशी के बाद वाली पीढ़ी के वे अंतिम सशक्त हस्ताक्षर थे। मेरी उनको विनम्र श्रद्धांजलि।

# राजवाड़ा-2-रेसीडेंसी: वीडी शर्मा.. सीएम से ट्यूनिंग और सिंधिया का दबदबा

**अरविंद तिवारी**

यदि किसी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह



चौहान और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मौजूदगी में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा को भाषण देना हो तो बड़े पशोपेश की स्थिति हो जाती है।

इन दिनों सीएम और वीडी की ट्यूनिंग अच्छी है। इधर, वीडी को दिल्ली में सिंधिया के दबदबे का भी अहसास है। ऐसी स्थिति में उन्हें दोनों को साधना पड़ता है। पिछले दिनों शिवपुरी में हुए ऐसे ही एक कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष ने दोनों को एक अलग अंदाज में साधा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में या तो सिंधिया राजघराने की सत्ता के दौरान विकास हुआ या फिर अब शिवराजसिंह चौहान के मुख्यमंत्री रहते हुए। दोनों ही



खुश हो गए और वीडी भी सेफ जोन में।

**टिकट की चाह और हारी सीटों से जिम्मेदारों का पलायन:** पिछले चुनाव में हारी सीटों पर अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए भाजपा का केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व कोई कसर बाकी नहीं रख रहा है। इसके लिए नेताओं को अलग-अलग सीटों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन नेताओं से ज्यादातर समय अपने प्रभार के क्षेत्रों में ही रहने के लिए कहा गया है और पार्टी के जिम्मेदार लोग रेगुलर फीडबैक भी ले रहे हैं। अब दिक्कत यह है कि ज्यादातर प्रभारी खुद चुनाव लडने् वालों की दौड़ में शामिल हैं और जिम्मेदारी वाले क्षेत्रों में समय नहीं दे पा रहे हैं। ये लोग खुद को जिम्मेदारी से मुक्त करने का आग्रह भी कर चुके हैं, ताकि ज्यादा समय जहां से टिकट मांग रहे हैं, वहां दे सकें। ये लोग अभी तक तो इसमें सफल नहीं हुए हैं। देखते हैं आगे क्या होता है।

**मंच पर इनकी सक्रियता और उनकी चुप्पी**

कृष्णमुरारी मोघे से लेकर हितानंद शर्मा तक के भाजपा के संगठन महामंत्री जिनमें कप्तानसिंह सोलंकी, माखन सिंह, अरविंद मेनन, सुहास भगत भी शामिल हैं, में से शर्मा ही पार्टी या सरकार के आयोजनों में ज्यादातर मौकों पर मंचों पर अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं।

मंच पर शर्मा की मौजूदगी पार्टी के नेता तो ठीक कार्यकर्ताओं के लिए भी चौंकाने वाली है। कुछ अवसरों को छोड़ दें तो सामान्यतः पार्टी में संघ से भेजे गए प्रचारक मंच से दूर ही रहते हैं। हालांकि खुसर पुसर के बीच पार्टी के दिग्गज भी इस मामले में सार्वजनिक तौर पर कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

**कमलनाथ का मैनेजमेंट और मैदान में दिग्विजय**



जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं। दिग्विजय सिंह की सक्रियता मैदान में बढ़ती जा रही है। दिग्विजय के निशाने पर अभी वे सीटें हैं, जहां कांग्रेस के लिए ठीकठाक संभावना है। जाहिर है दिग्विजय की यह सक्रियता कमलनाथ के मैनेजमेंट का ही एक हिस्सा है।

कांग्रेस की तैयारियों को देखते हुए तो यही माना जा रहा है कि मैनेजमेंट कमलनाथ का रहेगा और मैदान दिग्विजय संभालेंगे। फर्क बस इतना ही रहता है कि कई बार कवायद के बीच विरोधाभास हो जाता है और इसका फायदा कोई तीसरा उठा लेता है।

**बड़ा सवाल,आखिर किसने लिखी थी वह चिट्ठी**



केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह की हाल ही की भोपाल यात्रा के बाद अब वल्लभ भवन के गलियारों में इस बात की गूंज है कि आखिर इकबाल सिंह बेस जैसे सर्वशक्तिमान मुख्य सचिव के खिलाफ दिल्ली तक चिट्ठी किस अफसर ने पहुंचाई थी।

चिट्ठी दिल्ली पहुंचने का खुलासा खुद केंद्रीय मंत्री ने भोपाल में एक कार्यक्रम में मंच पर मुख्य सचिव की मौजूदगी में ही किया था। वैसे यह चिट्ठी ना तो पहले मुख्य सचिव का सेवा विस्तार रोक पाई और ना ही अब इसकी संभावना दिख रही है।

**क्या राज है चंपू और चिराग के इतना बेखौफ होने का**

सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बाद भी आखिर इंदौर के भूमाफिया चंपू अजमेरा और चिराग शाह क्यों बेखौफ है, यह एक यक्ष प्रश्न है। पहले मनीष सिंह जैसे सख्त और अब इलैया राजा जैसे आम लोगों के प्रति संवेदनशील कलेक्टर के होते हुए आखिर इनसे परेशान लोगों को राहत क्यों नहीं मिल पा रही है।

इन दोनों भू माफियाओं ने जिस तरह का खेल पिछले दिनों किया है, उससे यह तो साफ हो गया है कि भोपाल में इन्हें कोई ऐसा शुभचिंतक मिल गया है, जो पीड़ित लोगों के बजाय इनके हितों का ज्यादा ध्यान रख रहा है। अब तो यह भी कहा जा रहा है कि इस मामले में जो एसआईटी गठित की गई थी, वह भी अजमेरा और शाह को सेफ जोन में लाने की ही कवायद थी।

**चलते-चलते**

इंदौर से लेकर भोपाल तक यह चर्चा क्यों चल पड़ी है कि भंवरकुआं, लसुडिया, कनाडिया, विजयनगर, तेजाजीनगर और बाणगंगा के साथ ही शहर के कई पुलिस थानों पर टीआई की पोस्टिंग इंदौर के पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्रा के बस की बात नहीं है।

**पुछल्ला**

ग्वालियर चंबल संभाग के दो नजदीकी जिलों में पदस्थ है कलेक्टर दंपत्ति इन दिनों अलग-अलग कारणों से चर्चा में है। वैसे यह दोनों अफसर नेताओं को बहुत पसंद आ रहे हैं। कारण आप ही पता कीजिए।

**बात मीडिया की**

इंदौर में अपने आगमन के 40 साल पूरे होने पर दैनिक भास्कर अप्रैल महीने में बड़ा आयोजन कर रहा है। इस दौरान अलग-अलग विषयों से जुड़े कई कार्यक्रम होंगे। भास्कर ने ऐसा ही भव्य आयोजन 25 साल पूरे होने के वक्त भी किया था।

वरिष्ठ पत्रकार अनिल कर्मा दैनिक प्रजातंत्र को गुडबाय कहकर अब पत्रिका के सांध्य संस्करण न्यूज टुडे के संपादक भूमिका में आ जाएंगे। अभी वहां के वर्किंग सिस्टम को समझ रहे हैं।

संपादक रहते हुए न्यूज टुडे को कन्टेंट और डिजाइनिंग के मामले में अलग पहचान देने वाले एक अच्छे टीम लीडर लोकेन्द्र सिंह चौहान अब संभवत: पत्रिका में महत्वपूर्ण भूमिका में रहेंगे।

सुदीप मिश्रा अब दैनिक प्रजातंत्र में कार्यकारी संपादक की भूमिका आ गए हैं। वे अभी तक यहां प्रथम पृष्ठ को आकार दे रहे थे।

दैनिक भास्कर ने अब अपनी संपादकीय टीम के लिए फास्टट्रैक ग्रूमिंग प्रोग्राम शुरू करने का निर्णय लिया है, इसका उद्देश्य व्यवस्थित ग्रूमिंग है। यह प्रोग्राम हिन्दी के साथ ही मराठी और गुजराती संस्करण के संपादकीय साथियों के लिए भी है।

# भारत की पत्रकारिता, समाज को एक अपूरणीय क्षति

**आलोक मेहता**



डॉ. वेद प्रताप वैदिक हिंदी के मूर्धन्य पत्रकार, सम्पादक, लेखक ही नहीं थे, एक व्यक्ति के रूप में भी वे बड़े ईमानदार, चरित्रवान, संस्कारवान थे। विचारों पर मत-भिन्नता से उन्हें आपत्ति नहीं होती थी। आर्यसमाजी परिवार से वो आए थे। दिल्ली में छात्र-जीवन के दौरान जेएनयू में उन्होंने इस बात के लिए संघर्ष किया कि मैं हिंदी में ही अपना शोध-पत्र लिखूंगा।

एक बड़ा आंदोलन उन्होंने हिंदी के लिए खड़ा किया और अपनी बात को मनवाकर माने। लेकिन अंग्रेजी और शेष भारतीय भाषाओं से उनका कोई विरोध नहीं था। उनकी जीवनशैली सादगी से भरी थी। प्रगतिशील, समाजवादी विचारधारा के लोगों से भी उनके सम्बंध सदैव आत्मीय रहे। उनमें किसी के प्रति व्यक्तिगत दुर्भावना या विद्वेष नहीं रहता था।

तत्कालीन प्रधानमंत्री देवगौड़ा को उन्होंने हिंदी सिखाई थी। नरसिंहराव से लेकर अटलजी तक से उनकी मैत्री रही। पीटीआई का तो संस्थापक-सम्पादक उन्हें माना जाता है और उस समाचार-एजेंसी को हिंदी को नए सिरे से जीवित करने का काम उन्होंने किया।

नवभारत टाइम्स में जब राजेंद्र माथुर प्रधान सम्पादक थे, तब वैदिकजी को उसमें सम्पादक (विचार) का पद दिया गया था। इस पद के ही कारण उन्हें पीटीआई (भाषा) में काम करने का अवसर मिला था। भारत में समाचार-एजेंसियां तो पहले भी थीं, हिंदुस्तान समाचार थी, अंग्रेजी में पीटीआई-यूएनआई आदि थीं, लेकिन पीटीआई (भाषा) में उन्होंने हिंदी को समृद्ध करने का बड़ा काम किया।

समाजवादी झुकाव वाले नेताओं राज नारायण, मधु लिमये, जॉर्ज फर्नांडिस से उनकी निकटता रही थी। दूसरी तरफ चरण सिंह, राजीव गांधी और बाद में सोनिया गांधी तक से उनका संवाद रहा। सुषमा स्वराज उन्हें अग्रज कहती थीं। सबसे मधुर सम्बंध रखना और साथ ही अपनी बातों को निडर होकर कहना उनकी विशिष्टता रही।

78 वर्ष की उम्र तक वे सक्रिय रहे और जीवन के अंतिम दिन तक कॉलम लिखते रहे। वे भारत के हितों की रक्षा को लेकर चिंतित रहते थे। अंतरराष्ट्रीय मामलों में उनके जितनी पकड़ रखने वाला पत्रकार हिंदी में राजेंद्र माथुर के बाद कोई और नहीं हुआ है। भारत का विदेश मंत्रालय भी समय-समय पर उनसे राय लेता था। भारतीय कूटनीति में परोक्ष रूप से उनके विचारों का प्रभाव रहता था।

अमेरिका, ब्रिटेन, मॉरिशस आदि में उनको भाषण देने के लिए बुलाया जाता रहा था। हिंदी के तमाम सम्मेलनों में वे जाते थे। पाकिस्तान, अफगानिस्तान, नेपाल आदि के शीर्ष नेताओं से भी उनकी व्यक्तिगत मैत्री रही थी। हाफिज सईद से हुई उनकी भेंट तो विवाद का विषय भी बनी थी, पर उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि हम तो पत्रकार हैं, किसी से भी मिल सकते हैं।

वे खुलकर आलोचना करने का माद्दा रखते थे, पर किसी के प्रति कटुता नहीं रखते थे। अथक यात्राएं करते और किसी भी व्याख्यान के निमंत्रण को स्वीकारने को हमेशा तत्पर रहते। धार्मिक कार्यक्रमों को भी सम्बोधित करते थे। एडिटर्स गिल्ड की बैठकों में वे जोरदार तरीके से अपनी बातें रखते थे।

धर्मयुग जैसी पत्रिका को चलाने का बीड़ा उन्होंने उठाया था। उनका जीवन बड़ा जुझारू रहा और कोई भी चुनौती लेने से वे कभी पीछे नहीं हटे। यह बहुत प्रेरणा देने वाला है। हिंदी के सौ-डेढ़ सौ अखबारों के लिए कॉलम लिखना उन्हीं के बूते का था। नियमित लिखने से उन्होंने कभी कोताही नहीं की। अपने लिए पांच सितारा सुविधाओं की मांग भी उन्होंने कभी नहीं की।

मेरा उनसे कोई पचास साल पुराना परिचय रहा। व्यक्तिगत रूप से वे बड़े निश्छल थे और सबसे इतने स्नेह से बात करते थे, मानो वह उनके परिवार का सदस्य हो। इस कारण अगर कभी उनके विचारों से असहमति भी रहती हो, तब भी कटुता की स्थिति निर्मित नहीं होती थी। किसी की भी व्यक्तिगत मदद के लिए वो हमेशा तैयार रहते थे। वैदिकजी के निधन से भारतीय पत्रकारिता, साहित्य और समाज को एक अपूरणीय क्षति हुई है।

# 5 लाख सरकारी कर्मचारियों की उम्मीदें जगीं

**रवीन्द्र जैन**

भाजपा शासित राज्य कर्नाटक से निकली एक खबर ने मप्र के लगभग 5 लाख सरकारी कर्मचारियों की उम्मीदें जगा दी हैं। दरअसल अभी तक किसी भी भाजपा शासित राज्य ने सरकारी कर्मचारियों के लिये पुरानी पेंशन देने पर विचार नहीं किया है। जबकि कांग्रेस शासित सभी राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल कर दी गई है। कर्नाटक सरकार ने पुरानी पेंशन बहाल करने एक कमेटी बनाई है जो कांग्रेस शासित राज्यों में पहुंचकर पुरानी पेंशन देने का अध्ययन करेगी। यदि कर्नाटक में पुरानी पेंशन देने का फैसला हुआ तो मप्र में उम्मीद बन सकती है। मप्र कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने घोषणा कर दी है कि यदि कांग्रेस सरकार आई तो पुरानी पेंशन बहाल कर दी जाएगी। मप्र में यदि भाजपा ने इस मुद्दे पर फैसला नहीं लिया तो सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवार के लगभग 20 लाख वोट खिसकना तय माना जा रहा है।

**एक महिला ने जज को औकात दिखा दी**

यह मामला ग्वालियर चंबल के एक छोटे से शहर का है। इस शहर के न्यायालय में एक प्रथम सत्र न्यायाधीश तैनात हैं। आरोप है कि न्यायाधीश महोदय शहर की नगर पालिका के अफसरों पर दबिश डालकर नियम विरुद्ध सुविधाएं लेते रहे हैं। पिछले दिनों इस नगर पालिका में एक महिला अध्यक्ष निर्वाचित हुई। महिला अध्यक्ष ने न्यायाधीश महोदय की अनावश्यक मांगों को पूरा करने से माफ इंकार कर दिया। न्यायाधीश ने अफसरों को डराना धमकाना शुरु किया तो नगर पालिका अध्यक्ष ने इसकी लिखित शिकायत सुप्रीमकोर्ट व हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सहित मप्र के मुख्यमंत्री व विधिमंत्री से करते हुए उक्त न्यायाधीश के खिलाफ सभी पार्षदों के साथ धरना देने की चेतावनी दे दी है। अब खबर आ रही है कि न्यायाधीश महोदय नगर पालिका अध्यक्ष के पति के जरिये मामले को रफादफा करने की पहल कर रहे हैं।

**भोपाल के बड़े होटल में ठेकेदारों की बैठक का रहस्य!**

राजधानी भोपाल में इस सप्ताह एक अफवाह तेजी से वायरल है। इसकी सच्चाई तो नहीं पता, लेकिन यदि यह सच है तो बहुत गंभीर मामला है। अफवाह है कि भोपाल के एक बड़े होटल में मप्र व देश के बड़े ठेकेदारों की बैठक हुई। इस बैठक में 600 करोड़ का चुनावी चन्दा एकत्रित करने पर विचार हुआ। बदले में ठेकेदारों को लगभग 20 हजार करोड़ के एडवांस भुगतान की चर्चा है। ठेकेदार जिस विभाग में काम कर रहे हैं उसे केन्द्र सरकार से लगभग 43 हजार करोड़ रूपए मिले हैं। वैसे मप्र में ठेकेदारों को एडवांस पेमेंट करना कोई नई बात नहीं है। कमलनाथ के समय जल संसाधन विभाग के ठेकेदारों को 700 करोड़ का एडवांस पेमेंट किया गया था। ईओडब्ल्यु ने एफआईआर भी दर्ज की थी। लेकिन किसी भी ठेकेदार के खिलाफ आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**थोड़ी सी भर्तियां, बड़ी बदनामी**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह बड़ी मुश्किल से आदिवासियों के बीच पैठ बनाने की कोशिश करते हैं, लेकिन उनके आसपास तैनात अफसर रायता फैला देते हैं। पेसा कानून का पालन कराने जिला व विकास खंड समन्वयकों की 109 नियुक्तियों को लेकर जबर्दस्त रायता फैल गया है। जयस यानि जय आदिवासी युवा संगठन इसका फायदा उठाकर आदिवासी क्षेत्र में बेरोजगार युवाओं को सरकार के खिलाफ भड़काने में सफल होता नजर आ रहा है। दरअसल 20 जिला व 89 विकास खंड समन्वयकों की नियुक्तियों के लिए उद्यमिता विकास केन्द्र ने विज्ञापन जारी किया था। एक लाख से अधिक बेरोजगारों ने 500 रुपये फीस के साथ आवेदन किये। केन्द्र ने आवेदकों की मैरिट लिस्ट भी तैयार कर ली और इंटरव्यू के लिए पत्र भी जारी हो गए। अचानक सरकार ने उद्यमिता विकास केन्द्र को पत्र लिखकर यह भर्तियां रोक दीं। एमपीकोन को आउटसोर्सिंग के जरिये यह भर्तियां करने को कह दिया गया। आरोप है कि अफसरों ने एमपीकोन को भर्ती होने वाले युवाओं की सूची भी सौंप दी गई। इनमें अधिकांश युवक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवं भाजपा के दायित्ववान कार्यकर्ता हैं। जयस इस मुद्दे पर आगबबूला है। उसने इन थोड़ी सी भर्ती को आदिवासी युवाओं के बीच बड़ा चुनावी मुद्दा बना दिया है।

**चर्चा में मंत्रीजी की एक ढक्कन शराब!**

हमने इसी कॉलम में छापा था कि मप्र के एक मंत्रीजी अपनी शराब की लत से परेशान होकर कुछ मित्रों के साथ हरिद्वार के गायत्री मंदिर पहुंचे थे। जहां उन्होंने शराब न पीने का संकल्प लिया था। हरिद्वार से लौटकर मंत्रीजी के मित्रों ने उनके परिवार के सदस्यों की ड्यूटी लगाई कि यदि मंत्रीजी शराब पीएं तो बताना। कुछ दिन तो मंत्रीजी ने शराब से हाथ नहीं लगाया, लेकिन तलब बढ़ने लगी तो पत्नी को इस बात के लिए राजी कर लिया है कि जिस तरह तेज खांसी होने और गला खराब होने पर कफ सिरफ लेते हैं, उसी तरह शराब के बिना उनका गला सूखता है तो रोज सिर्फ एक ढक्कन शराब दवा की तरह लेने दो। फिलहाल उनकी एक ढक्कन शराब भी उनके बंगले पर चर्चा का विषय बनी हुई है।

**चुनावी तैयारी में कांग्रेस आगे!**

यह खबर हैरान करने वाली है, लेकिन एकदम सही है। मप्र में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी में कांग्रेस ने भाजपा को पीछे छोड़ दिया है। कांग्रेस ने 500 आईटी प्रोफेशनल्स की टीम तैयार कर ली है। लगभग 200 लोग दिल्ली और 300 भोपाल में काम कर रहे हैं। इनमें कुछ चुनावी बारीकियों का विश्लेषण, कुछ सोशल मीडिया पर कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने और कुछ बूथ मैनेजमेंट पर काम कर रहे हैं। खास बात यह है कि इसकी भनक कमलनाथ और उनके बेहद विश्वसनीय लोगों के अलावा पार्टी के किसी नेता को नहीं है। पिछले दिनों मप्र भाजपा को इसकी भनक लगी तो हडकंप मच गया। भाजपा ने अब ताबड़तोड़ तरीके से आईटी प्रोफेशनल्स की भर्ती शुरु कर दी है। यानि 2023 का विधानसभा चुनाव कुछ हटकर होगा।

**और अंत में**

इस सप्ताह तमिलनाडु पुलिस की एक टीम भोपाल में एक बड़े अखबार के दफ्तर पहुंची। वह संपादक को गिरफ्तार करना चाहती थी। भोपाल की पुलिस से सहयोग भी लिया। लेकिन पूरा मामला समझने पर यह पुलिस टीम उल्टे पांव लौट गई। दरअसल अखबार के बिहार एडीशन में तमिलनाडु के कथित वर्ग संघर्ष की खबर छपी थी। खबर तथ्यों पर आधारित नहीं थी इसलिए तमिलनाडु पुलिस ने अखबार के संपादक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। अखबार का मुख्यालय भोपाल है, इसलिए तमिलनाडु पुलिस भोपाल पहुंच गई। जब पुलिस को समझाया कि बिहार एडीशन का संपादक तो बिहार में ही मिलेंगे तो पुलिस वापस लौट गई।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# सराफा व्यापारी के साथ बस में हुई 28 लाख की चोरी का पुलिस ने किया पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार

## 20 लाख नगद एवं 8 .60 लाख रूपये के सोने के जेवरात बरामद, घटना में प्रयुक्त कार एवं अन्य आरोपियों की तलाश

नर्मदापुरम। जबलपुर से इंदौर जा रही एक यात्री बस में गाडरवाडा से भोपाल का सफर कर रहे एक सराफा व्यापारी के साथ बाबई थाना क्षेत्र में एक ढाबे के पास करीब 33 लाख की चोरी की घटना के बाद से हड़कंप मचा गया था। बताया जाता है कि बस में सवार सराफा व्यापारी व्यापार के काम से पैसो और जेवर लेकर इंदौर जा रहा था। इसी दौरान बस बाबई के पास स्थित एक ढावा पर रूकी तो व्यापारी निस्तार के लिये नीचे उतरा और जब वापिस आया तो उसका बैग गायब था। व्यापारी ने तत्काल की सूचना पुलिस थाने में दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया एवं मंगलवार को चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर 20 लाख रूपये नगद व सोने के जेवरात कीमती करीबन 8 लाख 60 हजार रूपये (कुल कीमती 28 लाख 60 हजार रूपये ) जब्त करने मे सफलता प्राप्त की है।



जानकारी के अनुसार सराफा व्यापारी कन्हैया लाल अग्रवाल आत्मज विट्ठलदास 68 वर्ष निवासी गाडरवाड़ा जिला नरसिंहपुर 19 फरवरी 23 को अम्बे ट्रेवल्स की जबलपुर से इंदौर बस क्र. एमपी-41 पी-9111 से भोपाल जा रहा था। व्यापारी बस मे रात्री 09=45 बजे कुछ जेवर व नगद धनराशि लेकर रवाना हआ था। बस गाडरवाड़ा से रवाना हुई और थाना माखननगर में राजपूत ढाबा पर रुकी तो फरियादी निस्तार हेतु ढाबा के बाजू मे गया, उस समय रात्री के करीब 12=45 बजे थे। जब वह वापस लौटा तो उसके अन्य सामान्य सामान के अलावा धनराशि व सोने के जेवरात वाला बेग जिसमे नगदी करीबन 23 लाख रूपये व सोने के जेवरात कीमती 10 लाख रूपये ( कुल कीमती 33 लाख रूपये ) को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर माखननगर पुलिस ने अपराध क्र. 70/23 धारा 380 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया।

सराफा व्यापारी के साथ घटित हुई चोरी की वारदात को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देशन एवं एएसपी एपी सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी सोहागपुर चौधरी मदन मोहन समर के नेतृत्व मे थाना माखननगर टीआई प्रवीण कुमरे के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी एवं चोरी किए हुए माल की बरामदगी नर्मदापुरम, इटारसी, ओबेदुल्लागंज, भोपाल, केसला, पथरौटा, सलकनपुर, खातेगांव, देवास, इंदौर एवं भोपाल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फुटेज खंगालते खंगालते पुलिस टीम थाना मनावर व थाना धरमपुरी जिला धार पहुंची। पुलिस टीम द्वारा थाना मनावर क्षेत्र मे गोपनीय रूप से आरोपियों की तलाश करने पर पता चला कि ग्राम खेरवा जिला धार मे रहने वाले व्यक्ति इस प्रकार की घटना कारित करते है। सूचना पर पुलिस द्वारा मुखबिर तंत्र स्थापित किया। मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ दिन पूर्व आमीन बल्द हबीब निवासी ग्राम पागरा फाटा थाना धरमपुरी जिला धार का अपने 03 साथियो के साथ सफेद रंग एसयूवी 300 की कार से नर्मदापुरम गया था एवं उसके व उसके साथियो द्वारा चोरी की घटना की है।

सूचना पर पुलिस द्वारा आमीन बल्द हबीब को पकडने ग्राम पगारा फाटा थाना धरमपरी जिला धार के रहवासी ठिकानो पर दविश दी गयी, पुलिस द्वारा घेराबंदी की गई, लेकिन आमीन ने पुलिस को देखकर खेत मे भागने लगा पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत एवं साहस से आमीन को पकड़ा, जिससे पूछताछ करने पर उसके व उसके साथियो द्वारा मिलकर उक्त चोरी की घटना करना स्वीकार किया एवं पुलिस टीम द्वारा आरोपी आमीन के कब्जे से उक्त माल को बरामद कर लिया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को माननीय न्यायालय मे पेश किया गया। प्रकरण मे अन्य 03 फरार आरोपियों एवं एसयूवी-300 कार की तलाश जारी है।

### पुलिस ने यह माल किया बरामद

सराफा व्यापारी के साथ चोरी की घटना घटित करने वाले आरोपी से पुलिस ने 20 लाख रूपये नगद, सोने के जेवरात में सोने की चूड़िया 06, सोने का बाजूबंद 01, सोने का हार 01, सोने के गुरिए 140 नग (कीमत 8 लाख 60 हजार ) कुल 28 लाख 60 हजार का माल बरामद किया है।

### जांच में इनकी रही मुख्य भूमिका

इस हाईटेक चोरी को खुलासा करने में माखननगर टीआई प्रवीण कुमार कुमरे, एसआई अरविंद बेले, एएसआई शिवदयाल साहू, दिनेश पाल, प्रआ प्रीतम, प्रआ महेंद्र टेकाम, दीपक, रवि कुशवाह, आर कपिल, मनीष, आयुष, अमन, प्रभाकर, महेंद्र एवं महिला आरक्षक प्रियंका की मुख्य भूमिका रही।

### इनका कहना

आरोपी सराफा व्यापारी की पहले से रैकी कर रहे थे। घटना दिनांक को आरोपियों ने बिना नंबर की कार से व्यापारी की रैकी की और बस का पीछा किया एवं रास्ते में बस रूकने पर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने तकनीकी रूप से जांच कर पूरे मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की माल बरामद किया है। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है।

**प्रवीण कुमरे, टीआई, थाना माखननगर**

# ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर इंतज़ाम करें, ताकि दुर्घटना ना हों :कलेक्टर

शिवपुरी- जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर इस प्रकार के इंतजाम किए जाएं जिससे दुर्घटनाएं ना हो पिछले वर्ष 2022 के आंकड़ों पर ध्यान दें तो जिले में ब्लैक स्पॉट पर 1160 दुर्घटनाएं हुई हैं। 363 लोगों की मृत्यु हुई है जबकि 1204 लोग घायल हुए हैं। जिले के 12 ब्लैक स्पॉट है इन्हें जल्द से जल्द खत्म किया जाए। इसी संबंध में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में यातायात, पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गयी।

बैठक में जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित विभागों को जिले में बढ़ती दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर काम करने के निर्देश दिए जिले में हर साल एक्सीडेंटओं की संख्या बढ़ती जा रही है। प्रत्येक ब्लैक स्पॉट पर रोड मार्किंग, साइन बोर्ड, प्रकाश की व्यवस्था, हाईवे पर टच होने वाली रोड़ों पर ब्रेकर,ब्लिंकर, कैट आई आदि लगाए जाएं। हाईवे पर ओवर स्पीडिंग बोर्ड लगाए जाएं। थीम रोड 18 बटालियन एवं ककरवाया तिराहे पर लगे हाई मास्क जल्द से जल्द चालू किए जाएं। नेशनल हाईवे किनारे हो रहे अस्थाई अतिक्रमण को हटाया जाए। नेशनल हाईवे पर पेट्रोल पंप,होटल एवं ढाबे वालों द्वारा कट बना लिए हैं उन्हें तत्काल बंद किया जाकर उन पर कार्रवाई की जाए। कोलारस प्रवेश से पहले बने कट पॉइंट को तत्काल बंद किया जाए एवं कोलारस में प्रवेश की उचित व्यवस्था की जाए।

# पन्ना की रानी पहुंची नेशनल पार्क

शिवपुरी - माधव नेशनल पार्क शिवपुरी में पहले चरण में एक नर और एक मादा टाइगर छोडे गये थे। पन्ना के जंगलों से फरार हुई मादा टाइगर रानी को भी बाड़े में छोड़ दिया गया है। पन्ना से आई मादा टाइगर बाडे में पूरी तरह से स्वस्थ है। नेशनल पार्क में अब टाइगर की संख्या तीन हो गई है। मुख्य वन संरक्षक एवं परियोजना के संचालक उत्तम कुमार शर्मा ने बताया कि माधव राष्ट्रीय उद्यान में बाघ पुनर्स्थापना के अन्तर्गत पन्ना टाइगर रिजर्व की मादा बाघ क्रमांक 141 (12)(12) मध्यरात्रि लगभग 12 बजे परिक्षेत्र पूर्व के अन्तर्गत स्थित टाइगर बाड़े में छोड़ दी गई है। यह मादा बाघ पूरी तरह स्वस्थ है। इस मौके पर अनिल कुमार सोनी सहायक संचालक, डॉ. जितेन्द्र कुमार जाटव पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, परिक्षेत्र अधिकारी एवं अधीनस्थ स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# वार्ड नंबर 13 में पुलिया के निर्माण का भूमि पूजन हुआ



ओबैदुल्लागंज ।.वार्ड नंबर 13 में बैंक ऑफ इंडिया के पास छोटी पुलिया निर्माण का भूमि पूजन किया गया जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी सोनू चौक से सीएमओ मैडम सोनाली शर्मा इंजीनियर मुकेश जैन भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू चौक से वार्ड नंबर 13 की पार्षद श्रीमती हेमलता चौरसिया पार्षद राजेश खटीक सुनील शेरिया आमिर ममनून महेंद्र सिंह चौहान राजू सक्सेना श्याम चौरसिया मनोज चौरसिया दीपक मालवीय विमल राय पलविंदर सिंह एवं वार्ड वासी उपस्थित रहे

# बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और संस्कार घर से ही होना चाहिये: मिश्र

सिवनी– प्रति वर्ष अनुसार बेटी महोत्सव का आयोजन इस वर्ष भोपाल के शाहपुरा में आयोजित किया गया उलेखनीय है बेटी महोत्सव के आयोजन पर बेटियों के सुरक्षा, संस्कार और शिक्षा पर आधारित कार्यक्रम पर विचार गोष्ठी हुई इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मी कश्यप ने क़हा कि बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ, संस्कृति बचाओ का उद्देश् बेटियों के सुरक्षा, संस्कार और शिक्षा से उनके जीवन को सशक्त बनना है उसके लिय? बातें बड़ी बड़ी होती है किन्तु हम अपने घर में बेटियों को उपेक्षित करते हैं ये बहुत जगह देखा गया आज भी घर पर बेटा-बेटी में भाव के समान नही दिखाते जो चिंता का विषय है आज हर क्षेत्र में बेटियां अपने शिक्षा और कला कौशल के अतिरक्ति अन्य प्रतिभाओं में शीर्ष स्थान प्राप्त कर रही हे कश्यप ने क़हा कि आचार्य महेंद्र मिश्र अध्यक्ष प्राचीन श्री हनुमान घाट जीर्णउद्धार एंव सौंदर्यकरण समिति ने सदेव संस्कारित शिक्षा क प्रवाह किया जिसमें उन्होंने क़हा कि बच्चों के जन्मोत्सव दीप प्रज्वलित कर संकल्प दिवस के रूप पर मनाना चाहिये न कि केंडील बूझाकर। हमें अपने बच्चों के जीवन को प्रकाशवान शिक्षा और संस्कार से करना चाहिऐ इस अवसर पर धन्ति कश्यप, अनिल सक्सेना, संतोष साहू, राकेश शर्मा, जयनारायण देशमुख, राम चंद तिल्लोरे, नरेन्द्र नाथ, संगीता मालवीय, लक्ष्मी कश्यप एंव अन्य लोग उपस्थित थे

# मृतकों के वारिस को 4-4 लाख सहायता राशि स्वीकृत

छतरपुर,। कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देशानुसार नौगांव तहसील के 2 मृतक के वैध वारिस को आरबीसी 6(4) के तहत 4 लाख के मान से कुल 8 लाख आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। एसडीएम नौगांव विनय द्विवेदी ने बताया कि पानी में डूबने से मृतक बृजपाल सिंह सेंगर उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बन्छौरा की पत्नी सावित्री एवं सांप के काटने से मृतक मोनिका अनुरागी उम्र 18 वर्ष निवासी दौरिया तहसील नौगांव के पिता छोटेलाल अनुरागी को नियमानुसार 4-4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई।

# प्रदेश स्तरीय परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक मांगों को लेकर अवकाश पर

नर्मदापुरम। इटारसी, प्रदेश स्तर पर कहीं न कहीं कोई विभाग सरकार से नाराज़ हैं,इसी तारतम्य में महिला एवं बाल विकास विभाग सामुहिक अवकाश शुरू कर रहा है।

प्रदेश के परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक विगत 30 वर्षों से अपनी लंबित मांगों को लेकर संघर्षरत हैं साथ ही विगत दो वर्षों से संयुक्त मोर्चा संघ द्वारा प्रभावी तरीके से निरंतर शासन का घ्यान आकर्षित करते हुए विभिन्न ज्ञापनों के माध्यम से माननीय विभागीय मंत्री , मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव , प्रमुख सचिव महिला बाल विकास विभाग एवं आयुक्त महोदय को अनेक बार ज्ञापन दे चुके है, परन्तु लंबित मांगों यथा वेतन विसंगति, ग्रेड-पे, टाईम स्केल, पदोन्नति, संविदा पर्यवेक्षकों का नियमितीकरण, विकासखंड महिला सशक्तिकरण अधिकारी के पद से प्रभारी शब्द हटाकर परियोजना अधिकारी पद पर मर्ज करने सहित विभिन्न मांगों के लिए संघर्षरत रहते हुए शासन को शांतिपूर्ण ढंग से विभिन्न अवसरों पर लिखित अवगत कराया। उक्त मांगों के संबंध में अनेकों वार ज्ञापन दिये गये, विभागीय अधिकारियों को बैठक के माध्यम से लिखित एवं मौखिक रूप से अनेकों बार अवगत कराया गया , किन्तु विभाग द्वारा लगातार उपेक्षा किये जाने, मांगों का समाधानकारक हल न किये जाने, गंभीरतापूर्वक विचार न करने, कोई निश्चित समयसीमा में समाधान न किये जाने माननीय मुख्यमंत्री जी मध्यप्रदेश शासन, भारसाधक मंत्री जी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्तमोर्चा को मिलने का समय न दिये जाने तथा प्रथम दृष्टया निरंतर उपेक्षित व्यवहार किये जाने से बहुत ज्यादा असंतोष है।



मुख्यमंत्री जी मप्र शासन द्वारा विभिन्न कर्मचारी संघ की मांगों के निराकरण हेतु गठित माननीय शिव चैबे अध्यक्ष सामान्य वर्ग आयोग केविनेट मंत्री दर्जा ,माननीय सुल्तान सिंह शेखावत जी अध्यक्ष -असंगठित कर्मकार कल्याण मंडल केविनेट मंत्री दर्जा एवं मप्र राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष माननीय रमेशचंद्र शर्मा जी राज्यमंत्री-दर्जा मप्र शासन को भी संयुक्त मोर्चा द्वारा अनेकों वार लिखित एवं मौखिक रूप से अपनी मांगों के संबंध में अवगत कराया गया। माननीयों के आश्वासन पर ही दिनांक 21 से 25 मार्च 2022 के दौरान संयुक्त मार्चा ने अपनी सामूहिक हडताल स्थगित की थी, किन्तु उसके बाद आज तक कोई निराकरण नहीं हुआ न ही माननीय मुख्यमंत्री मप्र शासन से मुलाकात कराई गई।मांगों के संबंध में समाधानकरण हल नहीं निकाले जाने व आज दिनांक तक कोई ठोस कदम न लिये जाने से व्यथित होकर संयुक्त मोर्चा संघ ने यह निर्णय लिया है कि हम सभी दिनांक 15 मार्च 2023 से समुचित हल न मिलने तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे । इस प्रकार संमस्त परियोजना अधिकारी एवम पर्यवेक्षको ने 15 मार्च से सामूहिक अवकाश की सुचना जिला प्रशासन को दे दी गयी है।

# बिना अनुमति नहीं होंगे नलकूप खनन

सिवनी– आगामी ग्रीष्म ऋतु में नागरिको के लिये पीने के पानी एवं निस्तार की आवश्यकता की पूर्ति को लेकर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने म.प्र. शासन राजस्व विभाग (राहत) भोपाल द्वारा सूखा, पेयजल संकट एवं अन्य समस्याओं से निपटने के लिये 03 नवम्बर 2007 में जारी निर्देशों की कंडिका 43 पर उल्लेखित म.प्र. पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2002 के अंतर्गत संपूर्ण सिवनी जिले को 10 मार्च 2023 से 31 जुलाई 2023 तक के लिये जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया हैं।

जारी आदेशानुसार घोषित जल अभावग्रस्त अवधि में सक्षम अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति, किसी भी सार्वजनिक स्त्रोत यथा-नदी, नालों, बंधान, स्टॉपडेम, जलधारा, जलाशय, सार्वजनिक कुंओं, झिरिया तथा पेयजल के अन्य स्त्रोतो से सिंचाई या औद्योगिक प्रयोजन हेतु जल का उपयोग नही कर सकेगा। इसी तरह कलेक्टर या कलेक्टर द्वारा प्राधिकृत अधिकारी की अनुज्ञा के बिना कोई भी व्यक्ति, संगठन, प्राधिकरण नलकूप खनन नहीं करेगा।

इस दौरान जिले में नदी, नालों, बंधानों, नहरों, जलाशय एवं बांधों से पेयजल तथा निस्तार प्रयोजन के अतिरिक्त किसी अन्य प्रयोजन के लिये पानी का उपयोग करने पर जल संसाधन विभाग अथवा संबधित विभाग की जिम्मेदारी होगी कि वे क्षेत्र में स्थापित मोटर पंप की सूची म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी को उपलब्ध करावें एवं ऐसे मोटर पंप के विद्युत विच्छेद संबधित कार्यपालन अभियंता, म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी की द्वारा किया जायेगा।

यदि किसी व्यक्ति, संगठन, प्राधिकरण प्रतिबंधित अवधि में सिचाई अथवा औद्योगिक प्रयोजन के लिये पानी के उपयोग की अनुमति चाहते है तो वे अधिनियम की धारा 4 एवं संबधित नियमों के तहत आवेदन प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत कर सकते हैं। इसी प्रकार नवीन नलकूप, नलकूप गहरीकरण, नलकूप की साफ-सफाई के लिये अधिनियम की धारा -6 एवं संबधित नियमों के तहत आवेदन प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत करेगे

# रंगों की तरह घुल मिल कर एक रहें, खुशियाँ बिखेरें :रौतेल

शहडोल( अनूपपुर )7 होली के पावन रंगों से हमें यह सीखने को मिलता है कि रंगों की तरह आपस मे घुल मिल कर हमें एक रहना चाहिए। आपसी एकजुटता हमें जोड़े रखने वाला ऐसा भाव है जो देश को मजबूत बनाए रखता है। मध्यप्रदेश कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रामलाल रौतेल ने जिला मुख्यालय स्थित निज निवास मे आयोजित रंग पंचमी के पावन अवसर पर होली मिलन समारोह के दौरान उपरोक्त विचार व्यक्त किये। रौतेल निवास में होली मिलन के अवसर पर जिले भर से हजारों लोगों ने शिरकत की। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री रामदास पुरी ने कार्यक्रम के समापन अवसर पर आभार व्यक्त करते हुए होलिका की कहानी सुनाते हुए कहा कि होली का पर्व हमारे समक्ष सामाजिक समरसता की मिसाल प्रस्तुत करता है। इस पर्व पर सभी जाति , वर्ग के लोग समान भाव से एक दूसरे को रंग लगाते हैं और खुशियाँ बांटते हैं।

रंग पंचमी के पावन अवसर पर श्री रामलाल रौतेल के अनूपपुर स्थित निवास पर सोमवार की दोपहर 2 बजे से होली मिलन का समारोह आयोजित किया गया । होली मिलन के इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री रामदास पुरी, श्री रामलाल रौतेल, दिलीप जायसवाल , मीसाबंदी श्री मूलचंद अग्रवाल, भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री मनोज द्विवेदी, रामनरेश गर्ग, सुनील चौरसिया, राजेश सिंह, अरुण सिंह, गजेन्द्र सिंह,कृष्णा नंद द्विवेदी, ब्रजेन्द्र पंत, उमेश पटेल, प्रेमनाथ पटेल, जितेन्द्र सोनी, सिद्धार्थ शिव सिंह, चंद्रिका द्विवेदी, आदर्श दुबे, राजेन्द्र तिवारी, देवेन्द्र तिवारी, हरिशंकर वर्मा, राजकिशोर तिवारी, उमेश पाण्डेय, रोशन पुरी , मनोज मिश्रा, इन्द्र जैन, राजेश पयासी, स्वप्निल पाण्डेय, आशुतोष सराफ, लालबहादुर जायसवाल,विष्णु मिश्रा, आर के गौतम,श्रीमती रीना रौतेल, श्रीमती गायत्री रैकवार, श्रीमती दुर्गा पवार ,श्रीमती मीना सोनी श्रीमती लता सोनी,सुभाष पटेल ,अशोक राठौर, सत्यनारायण फुक्कू सोनी, दिनेश राठौर के साथ चचाई, जैतहरी, पसान,फुनगा, अनूपपुर सहित अन्य स्थानों से आए हजारों लोगों ने होली मिलन समारोह में जमकर धमाल मचाया । लोगों ने रंग, गुलाल, अबीर लगा कर शुभकामनाएँ प्रदान कीं। मेडियारास और परसवार की फाग मंडली के कलाकारों ने फगुआ गायन से समा बांध दिया। कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रौतेल स्थानीय वाद्य यंत्र टिमकी और ढोलक बजाते दिखे। कार्यक्रम के दौरान ही स्वल्पाहार और ठंडाई की व्यवस्था का भी लोगों ने जमकर आनंद उठाया।

# नर्मदापुरम स्टेशन पर निर्माणाधीन फुट ओवर ब्रिज में लगेगी लिफ्ट

## सांसद राव द्वारा संसदीय क्षेत्र में रचे जा रहे नित नए कीर्तिमान

इटारसी -नर्मदापुरम // भारत सरकार की देश में इंफ्रास्ट्रक्चर को सशक्त करने वाली योजनाओं के अंतर्गत नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र हाईवेज के साथ-साथ रेलवे के विकास में नित नए कीर्तिमान रच रहा है। रेलवे के विकास में संसदीय क्षेत्र ने देश भर में सर्वाधिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं। रेलवे के क्षेत्र में विकास का क्रम अनवरत जारी है। नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे स्टेशन नर्मदापुरम में स्थानीय नागरिकों द्वारा लंबे समय से यात्री सुविधा में बढ़ोत्तरी हेतु अतिरिक्त फुट ओवर ब्रिज की मांग की जा रही थी , इस और पहल करते हुए सांसद उदय प्रताप सिंह द्वारा बीते दिनों नवीन फुट ओवर ब्रिज निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया था व पुराने फुट ओवर ब्रिज में लिफ्ट प्रारंभ कराई गई थी। जन सुविधाओं के क्रम में विकास का एक सोपान और जोड़ते हुए बुजुर्गों, विकलांगों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नर्मदापुरम स्टेशन पर बन रहे नए फुट ओवर ब्रिज में लिफ्ट स्वीकृत की गई हैं।



संसदीय क्षेत्र नर्मदापुरम संपूर्ण भारत का इकलौता संसदीय क्षेत्र है , जिसे 11 रेल ओवर ब्रिज की सौगातों से नवाजा गया है। संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सिवनी मालवा, होशंगाबाद में 2-2, पिपरिया, बांसखेड़ा, गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर में 1-1 ओवरब्रिज बनाए गए हैं । मनकवारा, बनखेड़ी में ओवर ब्रिज प्रक्रियाधीन है। क्षेत्र में अंडरब्रिज निर्माण की संख्या दर्जनों में है। बड़ी उपलब्धियों में बागरा में नए रेल पुल के साथ रेल लाइन का दोहरीकरण किया गया है, वहीं इटारसी भोपाल रेल लाइन का तिहरीकरण प्रारंभ है। इटारसी जबलपुर के मध्य विद्युतीकरण किया गया है।

नमर्दापुरम से जुड़े स्टेशनो के लिए करोड़ो की राशि से विकास कार्य किए जाएंगे। उक्त जानकारी जेड आर यू मेम्बर राजा तिवारी द्वारा दी गई।

# अपने ही ड्राइवर के 32 टुकड़े करके शव एसिड में गलाने वाले डा. सुनील मंत्री को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा

## चार साल पहले अपने ही ड्राइवर की घर में कर दी थी जघन्य हत्या, प्रदेश भर की सुर्खियों में रहा था मामला

नर्मदापुरम। करीब चार साल पहले आनंद में रहने वाले सरकारी अस्पताल में पदस्थ एमबीबीएस डॉक्टर सुनील मंत्री द्वारा अपने ही ड्राइवर की हत्या कर शव के करीब 32 टुकड़े करके एसिड में शव को गलाने के मामले में मंगलवार को द्वितीय अपर सेशन न्यायाधीश हिमांशु कौशल की अदालत ने आजीवन सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया है। बता दें कि 4 फरवरी 2019 को आरोपी डा. सुनील मंत्री ने अपने ड्राईवर जुमेराती निवासी वीरू उर्फ वीरेंद्र पचौरी की जघन्य हत्या कर दी। डॉक्टर ने पहले वीरू को ग्राऊंड फ्लोर पर बेहोशी का इंजेक्शन लगाया। इसके बाद आपरेशन करने वाली ब्लेड से उसका गला रेंता। हत्या के बाद डॉक्टर वीरू की बॉडी को सीढियों के सहारे प्रथम तल पर ले गया। जहां उसकी बॉडी के तीन बार में तीस से ज्यादा टुकड़े किए।

शव को ठिकाने लगाने के लिए डॉक्टर ने बॉडी के टुकड़े कर एसिड के ड्रम में डाल दिए। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिल गई। दोपहर धन-धनाते हुए पुलिस की गाडियां डॉक्टर के घर पहुंची। जैसे ही पुलिस घर में घुसी तो डॉक्टर बाथरूम में बैठकर बॉडी के आखरी बचे हिस्से के टुकड़े करता मिला। जघन्य हत्याकांड की खबर शहर में आग की तरह फैल गई थी।





जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार नेमा ने बताया की फरियादी लक्ष्मीनारायण के द्वारा बताया गया कि, उसका लड़का वीरेन्द्र उर्फ वीरू पचौरी उसकी पत्नी रानीबाई के साथ जुमेराती में रहता था तथा डॉक्टर सुनील मंत्री के यहां ड्राइवरी करता था। पहले मेरी बहु रानीबाई भी वहीं काम करती थी। दिनांक 04 फरवरी 19 के शाम करीबन 4=00 बजे मेरी बहु रानीबाई ने फोन करके बताया कि वीरू का फोन नही लग रहा है आपके यहां आये है क्या तब फरियादी ने कहा कि नही आया है, कहा कि कही गाड़ी लेकर गया होगा आ जायेगा। लेकिन 5 फरवरी 19 को रानीबाई ने फोन करके बताया कि अभी भी वीरू नही आया है, तब फरियादी ने अपने भतीजे पंकज और अभिषेक के साथ करीबन 1 बजे डा. सुनील मंत्री से पूछने उनके घर गये, किंतु डॉक्टर ने बहस करके उन्हें भगाने लगे, तो तभी वहां पर तत्कालीन टीआई आशीषवार दलबल के साथ आ गये थे। जिन्हें वीरू के गायब होने के संबंध में बताया था और डॉक्टर साहब पर शक जाहिर किया था। जिस पर टी.आई. श्री पवार ने डॉक्टर सुनील मंत्री के घर में तलाशी की थी। तो उपर के एक कमरे में रखे नीले रंग के प्लास्टिक के ड्रम में एसिड की बदबू आ रही थी। उसमें वीरू का कटा सिर और कटा पाव, धड़ दिख रहा था। वही बगल में बने बाथरूम में बांया पैर कटे हुये हिस्से तथा 03 आरी और एक लोहा काटने की आरी भी पड़ी दिखी है। जिस पर वीरू के परिजनों ने ड्रम में पड़े सिर, चेहरे के हिस्से को देखकर वीरू उर्फ वीरेन्द्र को पहचाना। वीरू उर्फ वीरेन्द्र का डॉ. सुनील मंत्री ने किसी बात को लेकर मार डाला और लाश के टुकड़े को गलाने के लिये ड्रम में एसिड में डाल दिया है। मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने डॉ. सुनील मंत्री पर धारा 302, 201 भादवि का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपी डॉ. सुनील मंत्री के विरूद्व अभियोग पत्र अंतर्गत धारा 302, 201 भादवि. का प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से 25 गवाहों के कथन कराये गये व प्रकरण संपूर्ण परिस्थितिजन्य साक्ष्य होकर डीएनए रिपोर्ट, वैधानिक साक्ष्य के आधार पर दोषी पाया गया। मंगलवार को माननीय न्यायालय द्वितीय अपर सेशन न्यायाधीश श्री हिमांशु कौशल के समक्ष विचारण में अभियोजन के साक्षियों को परीक्षित कराया गया। अभियोजन के साक्षियों की साक्ष्य से एवं जिला अभियोजन अधिकारी के द्वारा दिये गये तर्को से सहमत होकर आरोपी डॉ. सुनील मंत्री को धारा- 302, 201 भा.द.वि. में दोषी पाते हुए आजीवन सश्रम कारावास तथा 15 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार नेमा एवं सहायक जिला अभियोजन अधिकारी अरूण कुमार पठारिया ने की।

### तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अरविन्द सक्सेना की रही थी मुख्य भूमिका

शहर के एक प्रतिष्ठित चिकित्सक डा. सुनील मंत्री द्वारा इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम देने के बाद से समूचे प्रदेश में हत्याकांड सुर्खियों में रहा था। इस हत्याकांड की जांच तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अरविन्द सक्सेना ने स्वयं की थी। श्री सक्सेना ने इस तरह के हत्याकांड में ट्रेनिंग ले रहे प्रशिक्षु डीएसपी, टीआई एवं अन्य अधिकारियों को विवेचना में शामिल कर प्रकरण की बारीकियों से अवगत कराया था। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को मामले की पूरी विवेचना, सुराग की कड़ी से कड़ी जोडने के संबंध एवं साक्ष्य संकलन करने की जानकारी से अवगत कराया था। श्री सक्सेना के मार्गदर्शन में उनकी पूरी टीम ने कड़ी मेहनत एवं जांच-पड़ताल के बाद मामले का खुलासा किया था। परिणाम स्वरूप आज विद्वान न्यायाधीश ने आरोपी डाक्टर को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई

# अग्रवाल समाज की कार्यकारिणी घोषित

छतरपुर, 14 मार्च 2023। नगर अग्रवाल समाज के निर्वाचित अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने वरिष्ठजनों की सहमति से अपनी बहुप्रतीक्षित कार्यकारिणी की आज घोषणा कर दी है। जिला अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल ने बताया कि कार्यकारिणी में रवि शिवानी और रोहित अग्रवाल को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है। हर्षित टीटू वरिष्ठ उपाध्यक्ष का दायित्व निभाएंगे। सौरभ सनी, राजकुमार उर्फ़ राजू डालडा, जितेंद्र अग्रवाल और सुनील अग्रवाल करीं वाले उपाध्यक्ष होंगे। सौरभ अग्रवाल ज्वेलर्स, विनोद अग्रवाल जटाशंकर पैलेस, आशीष अग्रवाल एडवोकेट, संदीप अग्रवाल और दीपक गोयल बसाटा वाले महामंत्री बनाए गए हैं। अरुण अग्रवाल ज्वेलर्स, बृजेश चौधरी, पुरुषोत्तम अग्रवाल दद्दा, अरविन्द हरपालपुर वाले मंत्री पद संभालेंगे। विकास कपड़ा वाले, राजेश रंग वाले और निशांत अग्रवाल नीशू संगठन मंत्री होंगे। मनोज पहरा वाले, अजय नमक वाले, सोनू करीं वाले, मुकेश अग्रवाल और कन्हैया अग्रवाल बुंदेलखंड को संयुक्त मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। अनिल अग्रवाल बंटी और विजय पेप्सी वाले कोषाध्यक्ष, केशवकांत अग्रवाल पप्पू, पियूष अग्रवाल प्रिंस, पियूष चौधरी और रोहित अग्रवाल अंकित कार्यालय मंत्री, अंकित अग्रवाल गठेवरा वाले, ध्रुव अग्रवाल गंज, वैभव अग्रवाल छतरपुर भ्रमण और हिमांशु अग्रवाल को मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

**कार्यसमिति सदस्य:** शैलेंद्र अग्रवाल शैलू, जितेंद्र गोयल, चिराग अग्रवाल हरपालपुर वाले, रम्मू अग्रवाल सूरज किराना, नरेश अग्रवाल एडवोकेट अनगौर वाले, रवि अग्रवाल अग्रसेन मिष्ठान भंडार, हंशुल अग्रवाल हैप्पी, कुलदीप हरपालपुर वाले, संतोष गठेवरा वाले, मनोज टिंकल, अंकित बेटू, अंकित चौबे कॉलोनी, पराग अग्रवाल, पंकज अग्रवाल क्लब फॉक्स, कुलदीप करीं वाले, अनिकेत जबलपुर वाले, अंशु तेल वाले, संजीव कल्लू गठेवरा वाले, शैलेश मोंटी, मनोज उर्दमऊ वाले, गिरजा शंकर सीमेंट वाले, मनोज टिंकू गहरवार वाले, आशीष अग्रवाल हटवारा, पवन अग्रवाल मंडी, संजय रिकांडो, प्रवीण पार्थ किराना, मनीष तेल वाले, योगेश अग्रवाल कृष्णा स्वीट्स, पवन अग्रवाल नेता, आशीष अग्रवाल बगौता, मोहक अग्रवाल, राजू अग्रवाल मनु किराना,हर्ष अग्रवाल सटई रोड और अमित अग्रवाल टिंकल को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है।

## बोधि ट्री मल्टीमीडिया लिमिटेड की नई फिल्म क्लास को नेटफ्लिक्स पर मिली ग्लोबल सक्सेस

**मुंबई, एजेंसी।** बोधि ट्री मल्टीमीडिया लिमिटेड भारत का एक प्रमुख प्रोडक्शन हाउस, जो विभिन्न शैलियों में समीक्षकों द्वारा प्रशंसित और व्यवसायिक रूप से सफल फिल्मों के निर्माण के लिए जाना जाता है, द्वारा स्टॉक एक्सचेंजेस को सूचित किया है कि इसकी बहुप्रतीक्षित वेब श्रृंखला, क्लास नेटफ्लिक्स स्ट्रीमिंग पर एक वैश्विक सफलता बन गई है। शो को आलोचकों और दर्शकों से समान रूप से ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। 3 फरवरी को रिलीज होने के बाद से ही यह शो भारत में टॉप शो में प्रमुखता से ट्रेंड कर रहा है। क्लास ने 6 फरवरी- 12 फरवरी 2023 के सप्ताह में नेटफ्लिक्स के वैश्विक स्तर के शीर्ष 10 शो में भी प्रवेश किया है। इसे उस सप्ताह विश्व स्तर पर घंटों देखा गया था। शो को डेडलाइन जैसे सबसे प्रतिष्ठित प्रकाशनों से दुनिया-भर में शानदार समीक्षा मिली है। यह शो 13 से ज्यादा देशों में टॉप 10 में ट्रेंड कर रहा है। नए कलाकारों की एक प्रतिभाशाली अभिनीत श्रृंखला जल्दी से प्रशंसकों की पसंदीदा बन गई है। क्लास नेटफ्लिक्स की अंतर्राष्ट्रीय शीर्षक का पहला भारतीय रूपांतरण भी है। बोधि ट्री मल्टीमीडिया लिमिटेड के निदेशक मौटिक टोलिया ने कहा कि, शो का दृष्टिकोण हमेशा इसे सर्वश्रेष्ठ वैश्विक उत्पादों के बराबर बनाने का था, और हम दुनिया-भर में ज़बरदस्त प्रतिक्रिया से सही साबित हुए हैं। इस शो ने वैश्विक खिलाड़ियों द्वारा हमारे शो के अगले स्लेट पर इंक्वायरी और जिज्ञासा जनरेट की है। सफलता यह भी दर्शाती है कि भारतीय मूल के शो को दुनिया-भर में दर्शक मिल सकते हैं और अब कंटेंट प्रोडक्शन कंपनियों पर यह जिम्मेदारी है कि वे लगातार विश्व-स्तर का निर्माण करके इसके ध्वजवाहक बनें।

## मुझे रोमांटिक फिल्में करने में मजा आता है : रानी मुखर्जी

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का सिंगिंग रियलिटी शो, इंडियन आइडल 13, अपने ड्रीम फिनाले एपिसोड में सेलिब्रेटिंग रानी मुखर्जी स्पेशल लेकर आएगा, जिसमें कोई और नहीं बल्कि खुद रानी मुखर्जी मौजूद होंगी। शो में पहली बार आने वाली रानी न सिर्फ अपनी आगामी फिल्म मिसेज़ चटर्जी वर्सेस नॉर्वे को प्रमोट करेंगी, बल्कि टॉप 7 कंटेस्टेंट्स की परफॉर्मेंस का मजा भी लेंगी। इस दौरान कोलकाता की कंटेस्टेंट बिदिप्ता चक्रवर्ती फिल्म कभी अलविदा ना कहना और बंटी और बबली के गानों क्रमशः तुम्हीं देखो ना और चुप चुप के गाकर सभी को प्रभावित कर देंगी। बिदिप्ता की दिल छू लेने वाली परफॉर्मेंस की तारीफ करते हुए रानी मुखर्जी कहती हैं, मैंने कई तरह की फिल्में की हैं, लेकिन मेरा सबसे फेवरेट जॉनर रोमांस है! आपने जो पहला गाना तुम्हीं देखो ना गाया, वो मेरे करियर के सबसे पसंदीदा गानों में से एक है। हमने न्यूयॉर्क में कभी अलविदा ना कहना की शूटिंग की थी और मुझे याद है कि सितंबर के महीने में बहुत ठंड थी। तुम्हीं देखो ना में मौसमों में रोमांस दिखाया गया था और गाने में एक हिस्सा था जहां हम बारिश दिखाना चाहते थे, जिसमें मैंने लाल साड़ी पहनी हुई है। जब हम उस हिस्से को शूट करने गए तो बारिश शुरू होनी थी, लेकिन यह नहीं हो सका क्योंकि पानी बर्फ बन चुका था। चुप चुप के के बारे में बात करते हुए, रानी ने बताया, बंटी और बबली भी एक प्यारी फिल्म थी और बिदिप्ता आपने फिल्म से वही कॉस्टयूम पहना है, जो वाकई बड़ा प्यारा है।

## गेम्स 24×7 ने अर्शदीप सिंह को माय 11 सर्किल के नए ब्रांड एंबेसडर के रूप में जोड़ा

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की सबसे वैल्यूएबल मल्टी-गेमिंग ऑनलाइन स्किल गेमिंग कंपनी गेम्स 24×7 ने युवा और प्रतिभाशाली अर्शदीप सिंह को अपने लोकप्रिय फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म माय11सर्किल के ब्रांड एंबेसडर के रूप में जोड़ा है। किंग्स इलेवन पंजाब के साथ 2019 में अपने धमाकेदार आईपीएल डेब्यू के बाद अर्शदीप अपने सुपर-फास्ट गेंदबाजी कौशल के साथ क्रिकेट की दुनिया में सनसनी बनकर सामने आए हैं। अर्शदीप उन खिलाड़ियों के रोमांचक रोस्टर का हिस्सा बन गए हैं, जो माय 11 सर्किल से जुड़े हैं। इनमें क्रिकेट के दिग्गज सौरव गांगुली और शुभमन गिल, मोहम्मद सिराज वरुतुराज गायकवाड़ जैसी उभरती प्रतिभाएं शामिल हैं। माय11सर्किल के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सरोज पाणिग्रही ने इस गठजोड़ पर कहा, माय11सर्किल परिवार में अर्शदीप सिंह का स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है। अर्शदीप ने एक अद्भुत रिकॉर्ड से सभी को प्रभावित किया है और तेज गेंदबाजों की लाइनअप में अपने लिए एक अलग मुकाम बनाया है। मैदान पर उनका प्रदर्शन माय11सर्किल के ऑनलाइन परफॉर्मेंस जैसा ही है, जिसने बहुत कम समय में फैंटेसी स्पोर्ट्स सेगमेंट में अपनी छाप छोड़ी है और पिछले साल 120त्न से अधिक की वृद्धि दर्ज की है। हमारी सफलता भारतीय क्रिकेट के ऐसे उत्साही प्रशंसकों से जुड़ने की हमारी क्षमता का परिणाम है, जो खेल और खिलाड़ियों को उत्सुकता से देखते हैं। माय11सर्किल प्रशंसकों को एंगेजमेंट और मनोरंजन के लिए एक आदर्श प्लेटफॉर्म प्रदान करता है।

## मध्यप्रदेश अल्ट्राटेक लाइमस्टोन खदान को मिली भारतीय खान ब्यूरो, खान मंत्रालय द्वारा 5 स्टार रेटिंग

**सतना।** भारत की अग्रणी सीमेंट व आरएमसी कम्पनी, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की तेरह खदानों (माइंस) को भारतीय खान ब्यूरो (इंडियन माइंस ब्यूरो) द्वारा वर्ष 2021-22 के लिए 5-स्टार रेटिंग प्रदान की गई। यह रेटिंग भारतीय खान ब्यूरो की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 1 मार्च को जारी की गई हैं। इस प्रतिष्ठित रेटिंग को प्राप्त करने वाली 13 खानों में से दो विक्रम सीमेंट लाइमस्टोन माइंस- ढुढ्ढ तथा भदनपुर व पिपराहाट लाइमस्टोन माइंस हैं जो कि मध्यप्रदेश के इंदौर व सतना जिले में स्थित है। उल्लेखनीय है कि सम्पूर्ण भारत में यह किसी भी सेक्टर में, किसी कम्पनी को सबसे अधिक संख्या में प्राप्त होने वाली रेटिंग (कुल 13 माइंस के संदर्भ में) है। यह रेटिंग खानों को उनके द्वारा किये गए सर्वोत्तम प्रदर्शन के आधार पर प्रदान की गई है। रेटिंग के लिए माइंस का वैज्ञानिक, सक्षम व सस्टेनेबल माइनिंग, स्वीकृत उत्पादन के अनुसार कार्य, भूमि, पुनर्वास व अन्य सामाजिक प्रभावों जैसे पैमानों पर आंकलन किया गया था, जिसमें अल्ट्राटेक माइंस ने शानदार प्रदर्शन किया। रेटिंग प्रदान करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय, कोयला व खान विभाग, श्री प्रह्लाद जोशी द्वारा माइनिंग से जुड़े सभी आयामों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने व भारत के माइनिंग सेक्टर में बहुमूल्य योगदान देने के लिए अल्ट्राटेक को सम्मानित किया।




विजय मनोहर तिवारी की नई पुस्तक बाजार में आ गई है। इसमें अखबारी दुनिया के दिलचस्प किस्सों को बयान किया गया है।

# साल 2024-25 तक 1.75 लाख करोड़ के रक्षा निर्माण का लक्ष्य, चालू वित्त वर्ष में निर्यात 13,398 करोड़ के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने सोमवार को कहा कि उसने 2024-25 तक 35,000 करोड़ रुपये के रक्षा निर्यात सहित 1,75,000 करोड़ रुपये के रक्षा निर्माण का लक्ष्य रखा है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने सोमवार को राज्यसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि 2021-22 में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा निर्माताओं द्वारा किए गए उत्पादन का मूल्य 86,078 करोड़ रुपये था। इनके द्वारा किए गए उत्पादन का मूल्य वर्ष 2020-21 में 88,631 करोड़ और 2019-20 में 63,722 करोड़ रुपये था। उत्पादन मूल्य 2018-19 में 50,499 करोड़ और 2017-18 में 54,951 करोड़ रुपये था।



**सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण जरूरी-** उन्होंने बताया कि रक्षा निर्यात का मूल्य वर्ष 2021-22 में 12,815 करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष में इस माह की छह तारीख तक यह आंकड़ा 13,398 करोड़ पर पहुंच चुका है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण दीर्घकालिक एकीकृत योजना पर आधारित एक सतत प्रक्रिया है। भट्ट ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में पूंजीगत अधिग्रहण के लिए 1,24,408.66 करोड़ की राशि निर्धारित की गई है, जिसे बढ़ाकर वर्ष 2023-24 के लिए 1,32,727 करोड़ रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा डीआरडीओ ने स्वदेशी हथियारों और प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए पिछले तीन वर्षों में 23,722 करोड़ रुपये की लागत से 50 मिशन मोड और प्रौद्योगिकी विकास परियोजनाएं शुरू की हैं।

एक अन्य सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि भारतीय नौसेना ने महिलाओं के लिए सभी शाखाएं खोल दी हैं। ये शाखाएं कार्यकारी, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल और शिक्षा आदि हैं। कार्यपालक शाखा के तहत भर्ती के लिए आवेदन करने वाली महिलाओं की संख्या 3941, इंजीनियरिंग विंग के लिए 360 और इलेक्ट्रिकल के लिए 652 है। इसके अलावा शिक्षा विंग के लिए 411 महिलाओं ने आवेदन किया है।

### विदेश से रक्षा खरीद पर खर्च में गिरावट आई

दिसंबर 2022 तक के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी स्त्रोतों से रक्षा खरीद पर खर्च 2018-19 में कुल व्यय के 46 प्रतिशत से घटकर 36.7 प्रतिशत हो गया है। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने के लिए भारत मित्र देशों (एफएफसी) के साथ नियमित रूप से बातचीत करता है। उन्होंने कहा कि एफएफसी के साथ रक्षा औद्योगिक सहयोग का उद्देश्य नई तकनीकों का विकास, अनुसंधान और विकास, सह-विकास और सह-उत्पादन, रक्षा निर्यात को बढ़ावा देना, संयुक्त उद्यमों की स्थापना, भारतीय एमएसएमई का एकीकरण और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में स्टार्टअप है।

### अमेठी प्लांट में एके-203 राइफलों का हो रहा निर्माण

भारतीय सशस्त्र बलों के लिए कलाश्निकोव एके-203 राइफल अभी निर्माण और परीक्षण के चरण में है। उत्तर प्रदेश के कोरवा (अमेठी) में भारत-रूस का संयुक्त उद्यम इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड (आइआरआरपीएल) स्वदेशी असाल्ट राइफलों के उत्पादन में लगा है। इससे भारतीय रक्षा बलों को असाल्ट राइफलों के संबंध में आत्मनिर्भरता मिलेगी। भट्ट द्वारा सूचीबद्ध स्वदेशी रक्षा परियोजनाओं में 155 मिमी आर्टिलरी गन सिस्टम धनुष, हल्के लड़ाकू विमान तेजस, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली आकाश, मुख्य युद्धक टैंक अर्जुन, टी-90 टैंक, टी-72 टैंक, चीता हेलीकाप्टर और उन्नत हल्के हेलीकाप्टर डोर्नियर डीओ-228 शामिल हैं। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि देश में स्वदेशी डिजाइन, विकास और रक्षा उपकरणों के निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न नीतिगत पहलों का उद्देश्य आयात पर निर्भरता कम करना है।

## सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बनने पर पाटीदार का किया स्वागत

**शाजापुर (बेरछा)।** सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बनने पर सहकारी बैंक शाखा बेरछा में अर्जुन सिंह पाटीदार का सादे समारोह में स्वागत किया गया जिसमें शाखा प्रबंधक गोपाल गुप्ता शाखा



सुपरवाइजर राधेश्याम गोठवाल संस्था प्रबंधक कमल पाटीदार ,बाबू लाल चौहान ,साजिद अली ,संतोष सिसोदिया ,उकार सिंह कराड़ा, अशोक गुप्ता, शशिकांत गोठी सहित बैंक कर्मचारी उपस्थिति रहे इस अवसर पर श्री पाटीदार ने कहा मैं सहकारी बैंक की समस्याओं को प्रदेश संगठन स्तर पर अवगत कराऊंगा व सहकारी समितियों की मांगों को पूरा करने के प्रयास करुंगा।

## वन विभाग के अधिकारियो का फिर एक नया कारनामा गड्डे खुदाई का पैसा ही खा गए

**चौरई –** वन परिक्षेत्र चौरई के अंतर्गत आने वाली सांख चौकी फिर विवादों के मामले मे आ गई वर्तमान मे यहां पर प्लांटेशन का काम चल रहा था जिसमे पौधा रोपण के लिए गड्डे खुदवाने का कार्य मजदूरों के द्वारा कराया जाना शासन की मंशानुसार निर्धारित है जिसके लिए इस चौकी मे पदस्थ डिप्टी रेंजर रामगोपाल पाण्डेय के द्वारा अपने जिले रीवा व शहडोल, उमरिया, जबलपुर जिले के आस पास के जिले के मजदूरों को प्लांटेशन मे गड्डे खोदने के कार्य के लिए लाया गया ?र उनसे गड्डे भी खुदवाये गये परन्तु मजदूरी नहीं दी गई ज़ब दो चार दिन हो गए तब मजदूर के द्वारा वन परिक्षेत्र अधिकारी चौरई को इस बात से अवगत कराया गया पर वहाँ भी उनकी सुनवाई नहीं हुई तो सभी मजदूर जिला कलेक्टर कार्यालय अपनी गुहार लेकर मंगलवार शाम से बैठे है परन्तु अभी तक उनकी व्यथा कोई भी अधिकारी सुनने नहीं आया है!

गौरतलब है की लगातार चौरई वन परिक्षेत्र की सांख चौकी मे अधिकारियो की मिलीभगत के चलते ऐसे कई प्रकार के कारनामें होते रहते है जैसे की कीमती लकड़ी चौरी, मजदूरी की चोरी,अवैध रेत परिवहन, वन पशु शिकार ?र भी कई भाष्टाचार परन्तु आज तक इस सम्बन्ध मे कोई बड़ी कार्यवाही नहीं हुई है! जिससे साफ नजर आता है की इन सब कामों मे अधिकारियो की मिली भगत है! सूत्रों की माने तो जिस भी वन चौकी के अंतर्गत जो भी काम होना होता है उसकी पूर्व सूचना वन परिक्षेत्र अधिकारी को दी जाती है फिर उनकी सहमति के बाद ही कार्य किया जाता है इस बात इस ?र इंगित करती है की सारे वन परिक्षेत्र के अधिकारी व सम्बंधित वन चौकी के कर्मचारी इस मामले मे लिप्त है!

### आज घटित घटना का पूरा माजरा यह है

1 बाहर जिले से लाये गये मजदूरों को 17 रूपए गड्डे के हिसाब से 28 हजार गड्डो की पेमेंट करना था पर 5 रुपये के हिसाब पेमेंट डिप्टी रेंजर पाण्डेय द्वारा की जा रही थी

2 सांख परिक्षेत्र के आसा पास ही इतने मजदूर है की दूसरे जिले मे पहुंचाया जा सकता है परन्तु ये मजदूर बुलाने का क्या कारण था

3 मजदूरों को उनके खाते मे उनकी मजदूरी क्यों नहीं दी गई

4 मजदूरी का बाकी का पैसा कहा गया

5 इतने मजदूर बुलाने की क्या आवश्यकता थी जबकि ग्राम मे ही मजदूर है

वन परिक्षेत्र अधिकारी (हीरालाल सनोड़िया)- मै इस सम्बन्ध मे कुछ नहीं कह सकता आप वरिष्ठ अधिकारियो से बात कर ले!

## बोइंग और जीएमआर एयरो टेक्नीक द्वारा भारत में पहली बोइंग फ्रेटर कंवर्जन लाइन स्थापित की जायेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बोइंग ने हैदराबाद में एक नई बोइंग कन्वर्टेड फ्रेटर (बीसीएफ) लाइन स्थापित करने के लिएजीएमआर एयरो टेक्नीक के साथ समझौता करने की घोषणा की।

जीएमआर एयरो टेक्नीक भारत का पहला बोइंग सप्लायर है, जिसके पास घरेलू और विदेशी दोनों प्रकार के विमानों के भविष्य आधारित बदलावों को पूरा करने की क्षमता होगी। यह साझेदारी कार्गो के विकास का समर्थन करने के लिए बोइंग केलगातार जारी निवेश में अतिरिक्त वृद्धि है। यह भारत में जटिल विमानसंशोधन क्षमताओं और रखरखाव, मरम्मत और जांच (एमआरओ) काविस्तार करने में मदद करता है, जो इस क्षेत्र में भारत के विमानन औरएयरोस्पेस हब बनने उसकी महत्वाकांक्षा के मुताबिक है।

बोइंग इंडिया के प्रेसिडेंट सलिल गुप्ते ने कहा, जीएमआर एयरो टेक्नीकके साथ हमारा सहयोग न केवल आत्मनिर्भर भारत की रणनीति का समर्थनकरने के लिए देश में भारतीय एमआरओ की परिपक्वता का प्रमाण है, बल्कि इस क्षेत्र में कार्गो सेगमेंट की



प्रत्याशित वृद्धि का भी समर्थन करताहै।इस समझौते पर जीएमआर एयरो टेक्नीक के सीईओ अशोक गोपीनाथ नेकहा, भारतीय विमानन उद्योग में वृद्धि के साथ, भारत में एमआरओ सेवाएंदुनिया भर में सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक रही हैं। बोइंग के साथसहयोग विश्व स्तरीय एमआरओ सेवाएं प्रदान करने और मेक इनइंडिया पहल में आगे योगदान करने की हमारी क्षमता की पुष्टि करता है।हम इस अवसर के लिए बोइंग को धन्यवाद देते हैं और भविष्य की पहल केलिए मिलकर काम करने की आशा करते हैं।

बोइंग के पास पैसेंजर-टु-फ्रेटर कंवर्जन (यात्री से मालवाहक में रुपांतरण) में 40 से अधिक वर्षों का सफल अनुभव है, जो ऑरिजिनल डिजाइन डेटापर निर्भर है और इसे एक बेहतर, एकीकृत उत्पाद देने के लिए एयर कार्गोउद्योग की जरूरतों की अच्छी समझ है। बोइंग के व्यावसायिक बाजार परिदृश्य के मुताबिक, भारत के एयर कार्गो की वृद्धि सालाना औसतन 6.3त्न रहने की उम्मीद है। यह वृद्धि देश केउत्पादन और ई-कॉमर्स क्षेत्रों से संचालित है, जिसमें इसकी मेक इनइंडिया पहल भी शामिल है। बोइंग ने उत्पादन और रूपांतरित मालवाहकसहित 75 से अधिक मालवाहक विमानों की मांग का अनुमान लगाया है।

# आईआईटी मद्रास के सीएफआई ओपन हाउस 2023 में पेश किए 70 टेक प्रोजेक्ट

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) की छात्र संस्था सेंटर फॉर इनोवेशन (सीएफआई) ने आज (12 मार्च 2023) परिसर में आयोजित अपने वार्षिक ओपन हाउस में 70 से अधिक टेक प्रोजेक्टपेश किए।

सीएफआई ओपन हाउस 2023 में 3डी प्रिंटिंग, एस्ट्रोनॉमी और एआई/एमएल से लेकर ड्रोन, ऑटोनॉमस व्हीकल, हाइपरलूप और टेक्नो-एंटरटेनमेंट तक विभिन्न क्षेत्रोंके इनोवेटिव प्रोजेक्ट शामिल हैं।



सीएफआई ओपन हाउस मेंसंस्थान के छात्रों को पूर्व छात्रों,संबद्ध उद्योग के प्रोफेशनलों, निवेशकों और संभावित सहयोगियों सहित पूरे समुदाय के साथअपना काम साझा करने का विशेष अवसर मिलता है। यह संस्था छात्रों को आर्थिक सहयोग के साथ अन्य अत्याधुनिक सुविधाएंसुलभ कराती है जैसे 3डी प्रिंटर, लेजर कटर और इलेक्ट्रॉनिक्स वर्कस्टेशन आदि। सीएफआई की मदद से अब तक 100 से अधिक पेटेंट और कई स्टार्ट-अप बने हैं जिनकी कमान छात्र संभाल रहे हैं।

आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. वी. कामकोटि ने छात्रों के इनोवेशन पर उन्हें बधाई देते हुए कहा, कोई देश जोप्रौद्योगिकी महाशक्ति बनना चाहता हैउसके लिए उद्यमिता और इनोवेशन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आईआईटी मद्रास अपने सेंटर फॉर इनोवेशन (सीएफआई) के माध्यम से इसके लिए प्रतिबद्ध है। सीएफआई ओपन हाउस में आप ने हमारे छात्रों के इनोवेटिव आइडियाज़को देखा जिन्हें समाज के लिए महत्वपूर्णप्रोडक्टका रूप दिया जा सकताहै।'' छात्रों के कार्यों की सराहना करते हुए प्रो. प्रभु राजगोपाल, फैकल्टी एडवाइजर, सीएफआई-आईआईटी मद्रास ने कहा, ''सीएफआई खुद आईआईटी मद्रास का 'मेकर स्पेस' है और यह 15 साल पुरानी एक विशिष्ट राष्ट्रीय शैक्षणिक संस्था है। यह आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्रों के आर्थिक सहयोग से वर्तमान छात्रों कोइनोवेशन और 'प्रयोग कर के सीखने'का प्रोत्साहन देती है। आज सीएफआई की पहुंच बड़ी संख्या मेंकैम्पस केअंडरग्रैजुएट और पोस्टग्रैजुएट छात्रों तक है। विभिन्न हॉबी के लिए इसके 15 क्लब, छह प्रतिस्पर्धी टीमें और कई 'स्पाइनल' या सपोर्ट टीमें हैं। आज आईआईटी मद्रास में इनोवेशन का गढ़ है सीएफआई जो शहर में जल जमाव से लेकर सुरक्षित चुनाव तक और फिर अंतरिक्ष की खोज, बिजली और सार्वजनिक परिवहन जैसे विभिन्न मुद्दों पर इनोवेशन को बढ़ावा देता है।'' प्रो. प्रभु राजगोपाल ने कहा, ''ओपन हाउस सीएफआई का शानदार वार्षिक कार्यक्रम है।इसमें पूरे साल के प्रोजेक्ट औरपरिणाम स्वरूपमिले मॉडल और प्रोटोटाइप पेश किए जाते हैं।

## एनएसडीसी ने एईडीपी के तहत 1 लाख प्रशिक्षुओं को ऑनबोर्ड करने के लिए 2 कॉम्स के साथ सहयोग किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अप्रेंटिसशिप को आकांक्षी बनाने के लिए, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने आज अप्रेंटिस एक्ट 2कॉम्सके तहत भारत की सर्वश्रेष्ठ मैनपावर सॉल्यूशन कंपनी में से एक और एक अग्रणी थर्ड पार्टी एग्रीगेटर के साथ अगले तीन वर्षों में अप्रेंटिस एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम्स (एईडीपी) के तहत एक लाख अप्रेंटिस को ऑनबोर्ड करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क योग्यता (एनसीएफक्यू) के साथ कई विषयों में वर्टिकल और हॉरिजॉन्टल मोबिलिटी प्रदान करने के लिए मल्टीपल एंट्री और एक्जिट प्वाइंट्स के प्रावधानों के साथ संरेखित किया गया है।

सहयोग का उद्देश्य छात्रों को यूजीसी से मान्यता प्राप्त डिग्री प्राप्त करने में सक्षम बनाना है, साथ ही उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाने और उम्मीदवारों के बीच रचनात्मक सोच क्षमताओं, समस्या समाधान और डिजिटल स्किलिंग का निर्माण करने के लिए इंडस्ट्री-शिक्षाविदों के बीच मजबूत संबंध विकसित करना है।राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के सीओओ श्री वेद मणि तिवारी और 2कॉम्सके डायरेक्टर प्रशांत पचीसिया के बीच एमओयू का आदान-प्रदान हुआ। यह पहल गेस्ट लेक्चर, रीडिंग मटेरियल, विस्तृत प्रेजेंटेशन और अन्य रेलेवेन्ट मटेरियल सहित वर्चुअल मॉडल के माध्यम से पाठ्यक्रम प्रशिक्षण के दौरान रोजगार कौशल को बढ़ावा देने में मदद करेगी। छात्रों को प्रभावी पर्यवेक्षण भूमिका निभाने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा और यूजीसी मान्यता प्राप्त डिग्री जैसे बैचलर ऑफ वोकेशन, रिटेल में बीबीए, कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट, हॉस्पिटैलिटी, लॉजिस्टिक्स और सर्विसेज आदि के तहत आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान किया जाएगा।

# रोड सेफ्टी नेटवर्क (RSN) ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड की स्थापना में तेजी लाने का आग्रह किया

**नई दिल्ली।** भारत में सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए एक साथ काम करने वाले और भारत की सड़कों पर जीवन बचाने के लिए एक साक्ष्य-आधारित और भागीदारी दृष्टिकोण की वकालत करने वाले संगठनों के एक गठबंधन रोड सेफ्टी नेटवर्क ने केंद्रीय मंत्री, सड़क परिवहन और राजमार्ग, भारत सरकार को भारतीय सड़कों पर वाहनों के लिए 120 किमी/घंटा की उच्चतम जायज गति सीमा को सुरक्षित सीमा तक कम करने के साथ-साथ वर्ष 2025 तक भारत में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या को घटाकर आधा करने की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए आवश्यक कदमों के रूप में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड की स्थापना की प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया 7

पत्र में कहा गया है कि ÷हमें गति सीमा को सुरक्षित स्तर तक कम करना चाहिए क्योंकि %गति% एकमात्र सबसे बड़ा जोखिम कारक है, जिससे भारत में सड़क यातायात संबंधी दुर्घटनाओं की संख्या सबसे अधिक होती है, जो मौतों और चोट का कारण बनती हैं।÷ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड की स्थापना को एक निकाय के रूप में कार्य करने के लिए शीघ्र किया जाना चाहिए जो ऐसे तकनीकी और नीतिगत मामलों पर सरकारों को सलाह देता है और सभी स्तरों पर निर्णय लेने, प्रभावी कार्यान्वयन और निगरानी के लिए स्वतंत्र वैज्ञानिक इनपुट देता है।

सड़क हादसों में मौत का सबसे बड़ा कारण रफ्तार है। पिछले एक दशक में, सड़क दुर्घटनाओं में %गति% के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ रही है, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) द्वारा प्रकाशित सड़क दुर्घटना रिपोर्ट (2012 से 2021) के अनुसार भारत में 2021 में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली कुल मौतों का लगभग 70त्न योगदान गति का है। । गति के कारण सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या 2021 में 107,236 तक पहुंच गई, जो पिछले 10 वर्षों (2012 से 2021) में सबसे अधिक है। दुख की बात है कि इस अवधि (2012 से 2021) में ऐसी सड़क दुर्घटनाओं में 810,021 बेशकीमती जानें चली गईं, जिन्हें निश्चित रूप से सुरक्षित गति सीमा और इसके प्रभावी प्रवर्तन से टाला जा सकता है। मंत्रालय ने हाल ही में एक्सप्रेसवे पर गति सीमा बढ़ाकर 120 किमी प्रति घंटे कर दी है, जिसे सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों द्वारा सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। इसलिए, ऋस्ह ने माननीय मंत्री, स्ल्भत्रज्ञ॥ से ÷निर्धारित कानूनी गति सीमा को सुरक्षित स्तर तक कम करने÷ का अनुरोध किया। %गति% के इस एकल व्यवहारिक जोखिम कारक को संबोधित करने से मौतों की संख्या को तुरंत कम करने में मदद मिलेगी।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड (ह्रस्क्ष) की स्थापना का उद्देश्य देश में अनुसंधान, डेटा और सुरक्षा रिकॉर्ड के आधार पर उचित गति सीमा निर्धारित करने के तकनीकी विषय पर विचार करना है। एनआरएसबी जैसा एक स्वायत्त और स्वतंत्र निकाय केंद्र और राज्य स्तर पर सरकारों को ऐसे तकनीकी नीतिगत निर्णयों पर सलाह देने के साथ-साथ निर्दिष्ट समय सीमा (वर्ष 2025) के भीतर लक्षित स्तर (50त्न ) से नीचे सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों की संख्या में कमी के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्यान्वयन की निगरानी करने के लिए सहायक होगा। 2021 में, ह्रस्क्षकी स्थापना के नियम स्ल्भत्रज्ञ॥ द्वारा तैयार किए गए थे। अब मंत्रालय को देश में सड़क सुरक्षा प्रशासन को मजबूत करने के लिए एनआरएसबी को एक कार्यात्मक निकाय के रूप में स्थापित करना चाहिए। एनसीएचएसई, भोपाल के श्री अविनाश श्रीवास्तव ने कहा कि सुरक्षा की संस्कृति तब तक पूरी नहीं हो सकती जब तक कि हम सड़कों पर प्रभावी ढंग से लोगों की सुरक्षा में सुधार के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाते।

## मध्यम बारिश होने की संभावना

**छिंदवाड़ा ।** भोपाल द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 120 घंटो के दौरान (14 से 18 मार्च ) मध्यम से घने बादल रहने एवं गरज के साथ बिजली चमकने और तेज हवा तथा हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है । अधिकतम तापमान 27-39 डिग्री सेन्टीग्रेट एवं न्यूनतम तापमान 11-16 डिग्री. सेन्टीग्रेट के मध्य रहने की संभावना है। अधिकतम सापेक्षित आर्द्रता 55-72 प्रतिशत एवं न्यूनतम सापेक्षित आर्द्रता 34-49 प्रतिशत रहने की संभावना है । आने वाले दिनों में हवा दक्षिण एवं दक्षिण-पश्चिम दिशाओ में बहने एवं 08-13 कि. मी. प्रति घंटे की गति से चलने की संभावना है ।

## पीजी कॉलेज एनएसएस महिला इकाई सात दिवसीय शिविर



**छिंदवाड़ा ।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ.अशोक कुमार मराठे व जिला संगठक एनएसएस डॉ.वाय.के शर्मा के निर्देशन व शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पी.आर चंदेलकर के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में एनएसएस महिला इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम खापा भाट में दिनांक 13 से 19 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पी.आर.चंदेलकर व डॉ अमिताभ पांडे, पुरुष कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जगमोहन सिंह पूषाम, प्रोफ़ेसर महेंद्र साहू आदि की उपस्थिति में महाविद्यालय के प्राचार्य ने महिला इकाई दल को हरी झंडी दिखाकर शिविर के लिए रवाना किया शिविर संचालिका कार्यक्रम अधिकारी डॉ.निधि डोडानी के नेतृत्व में सात दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम खापाभाट में स्वास्थ्य-जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य की थीम पर आयोजित है। शिविर में 7 दिन स्वयंसेविकाओं के द्वारा विभिन्न जन जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण जन को जागरूक किया जाएगा उक्त शिविर में शिविर नायिका रेशमी उइके उप शिविर नायिका आकांक्षा डेहरिया वरिष्ठ स्वयंसेविका प्राची चेचकर, दीपिका बंदेवार, सृष्टि श्रीवास्तव सहित 45 से अधिक स्वयं सेविकाओं की सहभागिता है।

## सिकल सेल एनीमिया बीमारी रोकथाम व उपचार जानकारी दी

**छिंदवाड़ा ।** राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा द्वारा प्राचार्य डा. अजरा एजाज के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में महाविधालय द्वारा गोद ग्राम गुरेया ढाना चिमन छिंदवाड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का सात दिवसीय शिविर में कार्यक्रम अधिकारी प्रो.पूनम उसरेठे एवं प्रो. रिंकी भाबर ने बताया कि शिविर के तृतीय दिवस के अंतर्गत आज स्वच्छता पर्यावरण संरक्षण विषय पर रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी एवं युवा रेड क्रॉस शाखा छिंदवाड़ा के सचिव डॉक्टर दिलीप खरे उपस्थित हुए। उन्होंने शिविर में शिविरार्थियों को सिकल सेल एनीमिया बीमारी की पहचान, रोकथाम व उपचार की विस्तृत जानकारी एवं एनीमिया के प्रति जागरूकता का संदेश प्रदान किए । कार्यक्रम अधिकारी व महाविद्यालय के डॉक्टर सुदिश सूर्यवंशी ,श्री शोभाराम जम्होरे, कु.तंजीम मंसूरी के सहयोग से शिविरार्थियों के साथ गोद ग्राम में घर घर जाकर सिकल सेल एनीमिया जैसी बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों का सर्वे किया गया एवं रोकथाम व उपचार की जानकारी प्रदान की गई ।डाक्टर दिलीप खरे जी ने शिविरार्थियों को प्रोत्साहित किया और उनके द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य की सरहना की ।

## डेहरिया मेहरा समाज द्वारा सिलाई सेंटर का शुभारंभ

**छिन्दवाड़ा ।** डेहरिया मेहरा समाज छिन्दवाड़ा की जिलाध्यक्ष श्रीमती क्रांति डेहरिया द्वारा ग्राम गांगीवाड़ा



में स्व:सहायता समूह के माध्यम से बेरोजगार महिलाओं हेतु सिलाई सेंटर का शुभारंभ किया गया। जहाँ महिलाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण एवं रोजगार प्राप्त होगा। इस अवसर पर श्रीमती क्रांति डेहरिया कहा कि इसी तरह सम्पूर्ण जिले में स्वजातीय बेरोजगार महिलाओं हेतु सिलाई सेंटर एवं विभिन्न प्रकार के रोजगार से संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र एवं रोजगार के साधन भी उपलब्ध करवाये जायेंगे। इस हेतु अखिल भारतीय मेहरा समाज संगठन प्रयासरत है। अत: डेहरिया मेहरा समाज की महिलाऐं समाज के संगठन से जुड़कर परिवार हित एवं समाज हित में स्वयं को सशक्त कर परिवार व समाज को आर्थिक सम्पन्न करने में अपना योगदान प्रदान करें।

## श्री आदिनाथ जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव

### कल चैत्र कृष्ण नवमीं को मनेगा

**छिन्दवाड़ा ।** सकल जैन समाज के साथ श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मण्डल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन कल चैत्र कृष्ण नवमीं गुरुवार 16 मार्च के शुभ दिन प्रथम तीर्थंकर 1008 देवाधिदेव श्री आदिनाथ भगवान ऋषभदेवजी का मंगलकारी जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनावेगा।फेडरेशन सचिव दीपकराज जैन ने बताया कि मंगलकारी महोत्सव का शुभारंभ प्रात: 7 बजे अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जिनालय में श्री जिनबिम्ब प्रक्षालन से होगा पश्चात 7.20 से श्री जिनेन्द्र पूजन एवं श्री आदिनाथ पंचकल्याणक विधान का मंगल आयोजन कर श्री आदि प्रभु का मंगलकारी जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाया जावेगा। प्रात: 11 बजे से स्वाध्याय भवन में संगोष्ठी का आयोजन रखा गया है।रात्रि 8 बजे से श्री आदिनाथ जिनालय में जिनेन्द्र भक्ति, 8.30 से स्वाध्याय भवन में पण्डितश्री सुनीलकुमारजी शास्त्री राजकोट वालों के मंगल प्रवचन एवं 9.30 बजे से साहित्यिक कार्यक्रमों के अंतर्गत अक्षयनिधि प्रतियोगिता का आयोजन कर पुरुस्कार वितरण किया जावेगा। जिसमे सम्मिलित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की

# फसल व मकान क्षति का मुआवजा दिलाने, सीमाकंन व बंटवारा करने मांग की

## कलेक्ट्रेट में सुनी गई 380 आवेदकों की समस्याएं



**छिन्दवाड़ा ।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गनिर्देशन में आज अतिरिक्त कलेक्टर ओ.पी.सनोडिया ने जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 380 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये जिनकी उन्होंने पूरी संवेदनशीलता के साथ अपने समक्ष में बैठाकर सुनवाई की। जनसुनवाई में मुख्य रूप से गरीबी रेखा में नाम जोड़ने, फसल व मकान क्षति का मुआवजा दिलाने, सीमाकंन व बंटवारा करने, अनुकंपा नियुक्ति दिलाने, सड़क निर्माण करने, भूमि का कब्जा दिलाने, आवासीय पट्टा प्रदाय करने, आर्थिक सहायता व अनुग्रह राशि दिलाने, पेंशन दिलाने, स्थानांतरण कराने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी । अतिरिक्त कलेक्टर श्री सनोडिया ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिये भी चिन्हांकित किया । जनसुनवाई कार्यक्रम में छिंदवाड़ा नगर की सुश्री चित्रा केने ने मीटर खराब होने पर विद्युत देयक का समायोजन करने, ग्राम बाडाबोह की श्रीमती किरण ककोडिया ने परित्यक्ता पेंशन दिलाने, ग्राम गुजरखेडी के ग्रामवासियों ने पेयजल पाईप लाइन का विस्तार करने, ग्राम अंबाड़ाखुर्द के ग्रामवासियों ने बोर कराने व लोक निर्माण विभाग से स्वीकृत सड़क का निर्माण कराने, ग्राम मदनपुर की श्रीमती लक्ष्मी चौरे ने पशु शेड निर्माण कराने व सुरेश चौरे ने कपिलधारा योजना के अंतर्गत कूप निर्माण कराने, ग्राम देलाखारी के प्रेमसिंग भारती ने अंशकालीन भृत्य के पद पर निरंतर कार्य पर रखने, ग्राम चाटवा के ग्रामवासियों ने पेयजल समस्या का निराकरण करने, ग्राम उमरानाला की श्रीमती सुनिता वारंगे, जुन्नारदेव की सुश्री निधि उईके व ग्राम खमरा के गणवेश विश्वकर्मा ने अनुकंपा नियुक्ति दिलाने, ग्राम नजरपुर की सरपंच ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, ग्राम खड़की के भाउराव गौरखेड़े ने जमीन का पट्टा दिलाने, ग्राम नवेगांव की सुश्री जागृति प्रजापति ने मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति दिलाने, ग्राम पठराखोकर के किसानों ने जलाशयों का निर्माण कार्य कराने, ग्राम ढाला के श्री निलेश कहार ने मुख्यमंत्री संबल योजना का लाभ दिलाने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एसडीएम अतुल सिंह व संयुक्त कलेक्टर अजीत तिर्की सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से शामिल हुये।

## कृषकों की मांग के अनुसार पर्याप्त नगद राशि का वितरण करें: कमल पटेल

### प्रभारी मंत्री की पहल पर कृषकों की शिकायत का हुआ त्वरित निराकरण



**छिन्दवाड़ा ।** कमल पटेल मंत्री किसान कल्याण तथा कृषि विकास म.प्र.शासन एवं प्रभारी मंत्री द्वारा जिले में प्रवास के दौरान तामिं क्षेत्र के कृषकों से बैंक शाखा तामियॉ में मांग अनुसार नगद राशि प्राप्त नहीं होने संबंधी प्राप्त शिकायत का निराकरण हेतु सहकारी बैंक प्रबंधन को निर्देश दिए गए। बैंक महाप्रबंधक द्वारा कृषकों की शिकायत के त्वरितनिराकरण हेतु संबंधित क्षेत्र तामियॉ की शाखा एवं उससे संबद्ध समितियों चावलपानी, झिरपा, छिन्दीपातालकोट, देलाखारी एवं तामिया को निर्देशित किया गया कि कार्यक्षेत्र के कृषकों को उनकी मांग अनुसार पर्याप्त नगद राशि वितरण किया जावे। बैंक महाप्रबंधक ने जिले की अन्य शाखाओं को भी पुन: निर्देशित किया है कि कृषकों को उनकी सेविंग खातों में जमा राशि का नगद वितरण किया जावे। बैंक में पर्याप्त निधि एवं नगद राशि की उपलब्धता है।

### 01 अप्रैल से फिर मिलेगा नवीन ऋण

शासन की 0 प्रतिशत ब्याज दर सहायता योजना के अन्तर्गत बैंक प्रबंधन ने अपनी शाखाओं एवं समितियों को वर्ष 2023-24 हेतु अपने ऐसे रेग्युलर कृषकों को प्राथमिकता के आधार पर 01 अप्रैल से नवीन ऋण वितरण करने के निर्देश दिये है जिन्होंने अपने ऋण की पूर्ण चुकौती कर दी है।

## प्रदेश संगठन महामंत्री ने बूथ विस्तारक योजना 2.0 का शुभारंभ किया



**जुन्नारदेव ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा पहुंचे जुन्नारदेव विधानसभा के झिरपा, जहां बूथ स्तर की बैठक कर बूथ विस्तारक योजना 2.0 का शुभारंभ किया। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के साथ जुन्नारदेव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी आशीष ठाकुर पंद्राम पहुंचे अनहोनी,जहा पूजा अर्चना करने के पश्चात सप्तधारा पर्यटन स्थल का भी आनंद उठाया। कार्यक्रम समाप्ति पर जुन्नारदेव विधानसभा की प्रबंध समिति की संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा द्वारा बैठक ली गई। जिसमे मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम महाजन,लोकसभा विस्तारक अशोक यादव , भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक बंटी साहू , भाजपा जिला संगठन प्रभारी संतोष पारिख ,पूर्व विधायक नथनशाह कवरेती सहित सभी वरिष्ठगण उपस्थित रहे।

## सहकारी बैंक की शाखाओं में भी खुलेंगे लाडली बहना योजना के खाते

**छिन्दवाड़ा।** शासन द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अन्तर्गत 25 मार्च से आवेदन की कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है। आवेदन में पात्र आवेदनकर्ता महिला को योजना के लाभ हेतु बैंक में आधार लिंक्ड के.वाय.सी पूर्ण खाता होना आवश्यक है। लाडली बहना योजनान्तर्गत आवेदनकर्ता महिला की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए सहकारी बैंक महाप्रबंधक बैंक से जुडी 26 शाखाओं के शाखा प्रबंधक को उक्त योजनान्तर्गत अधिक से अधिक खाते निर्धारित लक्ष्यों के अन्तर्गत खोलने के निर्देश दिए है। श्री सोनी ने शाखा से जुडी समिति के कर्मचारियों को भी बैंक खाते के ओपनिंग फार्म की उपलब्धता समिति व अपने पास रखते हुए कार्यक्षेत्र की योजना में शामिल महिला आवेदको को उपलब्ध कराकर उनसे खाते खोले जाने की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शाखा में खाता खुलवाने के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि जिले में सहकारी बैंक की 26 शाखाओं में जमा अमानतों पर प्रभावशील ब्याज दरें अन्य व्यवसायिक बैंकों की तुलना में सर्वाधिक है। इन शाखाओं से जुड़े अमानतदारों की संख्या 4 लाख इक्कीस हजार से अधिक है इसी तरह शाखाओं से संबद्ध 146 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के 1 लाख 3 हजार से अधिक ऋणी सदस्य है तथा 2 लाख से अधिक कृषक सदस्य है, इन समितियों से 539 उचित मुल्य दुकाने जुड़ी हुई है। जिला सहकारी बैंक का जिले के ग्रामीण क्षेत्र की कृषि आर्थिक व्यवस्था का सबसे बड़ा नेटवर्क है।

# लाडली बहना योजना के लिए बैंकों पर घंटों परेशान हो रही महिलाएं

**अमरवाड़ा ।** महिलाओं को सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के लिये शासन ने अनेक योजनायें चलाई हैं वर्तमान योजना लाडली बहना जिनका लाभ लेकर महिला खुद अपनी जीविका चला सकती हैं। ग्रामीण क्षेत्र में शासन की इस योजना का लाभ लेने के लिए महिलाये अमरवाड़ा के स्टेट बैंक एवं अन्य बैंकों पर पहुंच रही है सर्वप्रथम फॉर्म खाता लिंक फार्म भरकर थम लगाने के बाद ग्रामीण महिलाएं सुबह 9:00 बजे से ही बैंकों के सामने कतार में लग कर अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ ईकेवाईसी एनपीसीआई आधार कार्ड लिंक के लिए के घंटों भूखे प्यासे धूप पर खड़े रहकर योजना के लिए खातों को लिंक कराती है बैंकों में एकमात्र काउंटर होने के कारण घंटों लग जाते हैं वही कुछ महिलाओं का समय के अभाव के कारण नहीं हो पाता दूसरे दिन यही प्रतिक्रिया के साथ घंटों परेशान होती रहती हैं। खाता की लिक की परिसीमा लगभग 24 घंटों की रहती है जिसको लेकर भी महिलाएं परेशान होती है



### अलग से पार्किंग व्यवस्था होना जरूरी

मेन रोड पर स्टेड बैंक के सामने वाहन खड़े होने से ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ जाती हैं। रोड से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी कठिनाई होती है। कई बार इन दोपहिया वाहनों को टक्कर भी लग जाती हैं। इससे विवाद की स्थिति बनती होती है। किंतु बैंक प्रबंधकों का बेहतर पार्किंग व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं है। मालूम हो कि मेन रोड से न्यायालय राजस्व विभाग एवं हॉस्पिटल मार्ग के लिया एकमात्र रास्ता है जिस में रोजाना सैकड़ों बसें, कार, जीप, स्कूल बसें आदि निकलते हैं। इमरजेंसी एंबुलेंस भी इसी रास्ते से होकर गुजरती है जो बैंक के सामने खड़ी गाड़ियों के कारण विलंब होने का एकमात्र कारण है

बैंक संबंधित अधिकारियों ने बताया कि मार्च क्लोजिंग के कारण दूसरी और सरकार की योजनाओं को लेकर महिलाओं की भीड़ देखी जा रही है जिसको लेकर कुछ काउंटर और बढ़ाए गए हैं जिससे बैंक संबंधित कार्य शीघ्र होगा पार्किंग को लेकर भी गार्ड एवं कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गए है।

**गौरव कपूर**

## राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर आज

**उमरानाला ।** शासकीय महाविद्यालय उमरानाला की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम हिवरावासुदेव तहसील मोहखेड़ में शुरू होगा। इसके लिये दल 15 मार्च को शिविर स्थल के लिये रवाना होगा। इस दौरान रासेयो इकाई द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, ऊर्जा संरक्षण, वृक्षा रोपण, एवं शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार कार्यक्रम किया जावेगा।

## निराहार रहकर प्रतिकार करेंगे अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी कामकाज रहेगा बंद

**अमरवाड़ा ।** अमरवाड़ा तहसील अधिवक्ता संघ बुधवार से निराहार रहकर प्रतिकार करेंगे अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा समक्ष न्यायालय को निर्देशित किया गया है कि पिछले वर्ष जैसा इस वर्ष पुराने प्रकरणों की सूचीबद्ध किया जाये ओर समय सीमा आर्थात 25 प्रकरणों का निराकरण 3 माह के अंदर किया जाये उक्त निर्देश के अनुसार पुराने प्रकरण समय सीमा के अंतर्गत निराकृत किया जायेगे जिससे लोगो को न्याय प्राप्त नहीं होगा बल्कि केवल प्रकरणों का निराकरण होगा । और पक्षकारों के साथ अधिवक्ता और माननीय न्यायलय पर दवाब होगा । मामलो का इस तरह से निराकरण किये जाने पर न्याय का उदेश्य विफल हो जायेगा । उक्त संबंध में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर से निवेदन है कि 25 प्राकरणों के संबंधों में आदेश बापस लिया जावे । सम्पूर्ण पद्रेश के अधिवक्ता संघ द्वारा इस आशय की माग के संबंध में कार्य से विरत रहकर प्रतिवाद किया जा रहा है । जिसमें अधिवकता सघ अमरवाड़ा भी शामिल है । तहसील अधिवक्ता संघ द्वारा आज दिनांक 14/03/2023 को आम सभा की बैठक आयोजित की गई जिसमे सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि तहसील अधिवक्ता सघ अमरवाड़ा भी दिनांक 15 मार्च से लेकर 19 मार्च तक न्यायलीन कार्य से विरत रहकर प्रतिवाद करेगा तथा दिनांक 15 से 19 मार्च तक अधिवक्ता कमिक निराहर प्रतिवाद भी करेगे । इस वजह से पक्षकारों को दिक्कत होगी।




## जिला अधिवक्ता संघ ने महिलाओं का किया सम्मान

**छिंदवाड़ा ।** अधिवक्ता संघ छिंदवाड़ा के द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला अधिवक्ता संघ कक्ष छिंदवाड़ा में सभी न्यायाधीशगण, कलेक्टर छिंदवाड़ा एवं सभी अधिवक्ताओं की सम्मिलित उपस्थिति में महिला सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में सभी महिला न्यायाधीधों, कलेक्टर शीतला पटले एवं सभी महिला अधिवक्ताओं का जिला अधिवक्ता संघ द्वारा सम्मान किया एवं उपहार भेंट किये। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्रश शर्मा, कलेक्टर शीतला पटले, महिला न्यायाधीश द्वारा संबोधन किया गया। कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष श्याम कुमार यादव, सचिव वीरेन्द्र पांडे, सहसचिव शक्ति कुमार पंड्या, वित्त सचिव हरीश माहोरे, पुस्तकालय सचिव जय राय एवं कार्यकारिणी सदस्यगण एवं सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता एवं महिला अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़ा रहा जनसैलाब

**छिंदवाड़ा।** ग्राम रोहनाकलां में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का मंगलवार को समापन किया गया।व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास पंडित संजय शर्मा ने कथा के अंतिम दिवस की दोपहर कालीन कथा में भगवान श्री कृष्ण के द्वारा देवराज इंद्र के घमंड को चूर करने की कथा के प्रसंग का बड़े ही मनमोहक तरीके से वर्णन किया। दैत्य राज कंस ने श्रीकृष्ण के वध के लिए मथुरा में धनुष यज्ञ का आयोजन रखा। नंदलाल के पुत्र श्रीकृष्ण को लाने का जिम्मा अक्रूर महाराज दिया जाता है, अक्रूर के साथ कृष्ण के मुथरा आगमन का प्रसंग बताया। कंस के अत्याचारों के परेशान से मथुरा वासियों को मुक्ति दिलाने के लिए प्रभु श्रीकृष्ण ने कंस का वध किया। और उग्रसेन को मथुरा का महाराज बनाया। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा सुनने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में जन सैलाब उमड़ा रहा है। कथा में राजा रानी की भूमिका गोविंद साहू एवं उनकी धर्मपत्नी अदा कर रहे हैं।

## महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों को रोकने के लिए प्रयास जरूरी है: डॉ. उपाध्याय



**बिछुआ ।** शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में सभागार में मुख्यमंत्री के घोषणा क्रमांक सी 0538 के परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महिला के विरुद्ध घटित होने वाले अपराधों पर नियंत्रण पाने तथा पृष्ठभूमि में मानसिक कुप्रवृत्तियों को समाप्त करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.संतोष कुमार उपाध्याय ने महिलाओं पर होने वाले अपराधों पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं के समग्र रूप से उत्थान के लिए समाज के द्वारा किस-किस तरह से प्रयास करना चाहिए उस पर बल दिया। अपराधों को रोकने के लिए प्रयास अति आवश्यक है। कार्यशाला की संयोजक डॉ.स्मिल बेलिया एवं डॉ सुनीता सोलंकी ने महाविद्यालयीन छात्रों को महिलाओं के प्रति सद्भावना पूर्वक व्यवहार करने हेतु प्रेरित किया। कार्यशाला में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आरपी यादव, प्राध्यापक डॉ पूजा तिवारी, डॉ साक्षी सहारे, सहायक प्राध्यापक डॉ.नवीन कुमार चौरसिया, डॉ. विवेक तिवारी, डॉ.नसरीन अंजुम खान, डॉ.साकेत, शिवानी सोनी, श्रीमती शशि उइके समेत बड़ी संख्या में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। अंत में सभी प्रतिभागियों ने फीडबैक फॉर्म भरकर कार्यशाला के विषय में अपनी राय दी।

# भाजपा सरकार किसान, युवा, महिला एवं समाज के हर वर्ग को त्रस्त करने वाली सरकार: ओक्टे

## कांग्रेस की दो क्षेत्रीय कमेटियों का हुआ सम्मेलन



**छिन्दवाड़ा।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के सांसद नकुलनाथ की दूरगामी सोच व विकास कार्यों को कांग्रेस की क्षेत्रीय कमेटियों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के समक्ष रखें साथ ही प्रदेश की भाजपा सरकार की विकास विरोधी नीतियों एवं छिन्दवाड़ा के साथ किये जा रहे सौतेले व्यवहार के विरुद्ध एकजुट होकर भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने, कमलनाथ को पुन: मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने कांग्रेस की नेर एवं मेघासिवनी क्षेत्रीय कमेटियों के संयुक्त सम्मेलन को सम्बोधित किया। जमुनिया छोटा महादेव में आयोजित सम्मेलन में उपस्थित कांग्रेस के क्षेत्रीय पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसान विरोधी, युवा विरोधी, महिला विरोधी एवं समाज के हर वर्ग को त्रस्त करने वाली सरकार है। उन्होंने भाजपा की प्रत्येक नाकामी को हर घर तक पहुंचाने की बात कही। श्री ओक्टे ने अपने उदबोधन में आगे कहा कि भाजपा की सरकार ने छिन्दवाड़ा जिले के विकास पर विराम लगा दिया है। कमलनाथ एवं नकुलनाथ के द्वारा जिले को दी गई अनेकों विकासरूपी सौगातों को पूरा होने से भाजपा ने रोका है। जिले के विकास में बाधा बनी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का सामूहिक रूप से उपस्थित समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया। आयोजित सम्मेलन में पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती किरण चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित सक्सेना, जीवन पटेल, कहकशा मिर्जा सहित क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## संयुक्त रोजगार मेला 17 मार्च को

**छिन्दवाड़ा ।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में जिला रोजगार कार्यालय और शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिन्दवाड़ा द्वारा आगामी 17 मार्च को शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिन्दवाड़ा के प्रांगण में संयुक्त रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। रोजगार मेले में विभिन्न कम्पनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। इच्छुक व पात्र आवेदक इस रोजगार मेले का लाभ ले सकते हैं ।

जिला रोजगार अधिकारी सुश्री माधुरी भलावी ने बताया कि इस रोजगार मेले में नियोजकों द्वारा मल्टीपल प्रोफाइल, मार्केटिंग सेल्स एक्जीकेटिव, टेलीकॉलर/सेल्स एक्जीकेटिव, फील्ड एक्जीकेटिव, सेल्स फील्ड एक्जीकेटिव, मार्केटिंग एक्जीकेटिव, इंशोरेंस एडवाइजर, डाटा एंट्री ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जायेगी । रोजगार मेले में सहभागिता के लिये आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होना चाहिये और आवेदक को कक्षा 10वी, 12वी, आई.टी.आई. और स्नातक तक उत्तीर्ण होना चाहिये । आवेदक को अपने सभी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची, दो पासपोर्ट साइज की फोटो रोजगार मेले में लेकर आना आवश्यक है तथा इसमें शामिल होने के लिये मार्ग व्यय देय नहीं है ।

# मेघनाथ खंडेरा मेला में उमड़ा जनसैलाब

**छिंदवाड़ा/मोहखेड़ ।** मोहखेड जनपद पंचायत के आदिवासी ग्राम में प्रतिवर्ष रंग पंचमी में खंडेरा मंदिर मेघनाथ मेले का आयोजन ग्राम पंचायत द्वारा किया जाता है इस ग्राम का प्राकृतिक सौंदर्य चारों तरफ पहाड़ियों के बीच बसा हुआ प्राकृतिक सौंदर्य ग्राम मन मोह लेता है मेघनाथ मंदिर मेहलारी बाकुल स्थल पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब जिले में बाहर से आए ग्रामीणों की भारी भीड़ हजारों की संख्या में मेला में उमड़ा जनसैलाब मेघनाथ खंडेरा मंदिर स्थल पर कई सदियों से लगता आ रहा है रंग पंचमी का मेघनाथ मेला ग्राम पंचायत आदिवासी समाज के हजारों अनुयायी अपनी मनोकामना को पूर्ण करने हेतु इस मेघनाथ खंडेरा स्थल पर आदिवासी ग्रामीण पूजा अर्चना कर प्रतिवर्ष रंग पंचमी के दिन ऐतिहासिक स्थल पर भारी संख्या में आदिवासी पहुंचते हैं मेघनाथ खंडेरा स्थल पर अप्रत्याशित उमड़ी भीड़ को देखते हुए ग्राम पंचायत एवं पुलिस प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था की ग्राम पंचायत में रात्रि में ग्रामीणों ने फाग गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस अवसर पर फाग मंडल समिति को ग्राम पंचायत सरपंच रायसिंह सरेआम ने 11 सौ रुपए से पुरस्कृत किया मेले में मिठाई ,दूध, चुपचाप नमकीन ,पान मसाला नारियल की दुकान में जमकर आदिवासी ग्रामीणों ने खरीदी की मेला स्थल पर ग्रामीणों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर नाच फाग गायन कर आपस में गले मिलकर मेले का लुफ्त उठाया ग्राम पंचायत के सरपंच रायसिंग सरेआम पंचायत मंत्री श्याम कुमार बैंडे ग्राम पंचायत सचिव गजानन मुन्ना पवार, सहायक सचिव सेकू तुमडाम, पत्रकार मोहन साहू सहित ग्राम पंचायत कोटवार एवं अनेक गणमान्य ग्रामीणों का इस मेले मे सहयोग रहा ।



# डॉ.वेद प्रताप वैदिक के अनसुने किस्से

## जब नाराजी दूर करने भूतपूर्व पीएम वाजपेयी को उनके घर जाना पड़ा...

देश के प्रधानमंत्री से कोई नाराज हो जाए और वो भी इस हद तक कि उनके द्वारा शुभकामनाओं के तौर पर भेजे गए पुष्प गुच्छ भी वापस कर दे। इतना ही नहीं नाराजगी को दूर करने के लिए खुद प्रधानमंत्री को 24 घंटे में उनके घर आना पड़े और भोजन कर मन-मुटाव को दूर करना पड़े। सुनने में ये थोड़ा अजीब लग सकता है लेकिन यहसच है। हम बात कर रहे हैं ख्यात पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक डॉ.वेद प्रताप वैदिक की। बेटी की शादी में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी शामिल नहीं हुए तो डॉ.वैदिक उनसे नाराज हो गए थे। इसी तरह एक बार दुबई के शेख ने खजूर प्लेट में रखी तो डॉ.वैदिक ने खाने से इनकार कर दिया। वे रबड़ी के शौकीन थे और दूध का कड़ाव देख रूक जाते थे। डॉ.वैदिक के किस्से जो उनके दोस्त एसएन गोयल ने बताए-

### रबड़ी के शौकीन, दूध का कढ़ाव देख रूक जाते थे

डॉ.वेद प्रताप वैदिक बहुत ही सिम्पल भोजन करते थे। करेला का ज्यूस पीते थे लेकिन मीठे में उन्हें रबड़ी बहुत ज्यादा पसंद थी। इंदौर आने पर उन्हें सराफा जाना बहुत पसंद था। दोस्तों के साथ बैठकर के मीटिंग करना, गपशप करना उन्हें अच्छा लगता था। जेल रोड से निकले या छावनी के यहां से दूध के कड़ाव लगे है तो वे दोस्तों के साथ वहां रूक जाते थे। छावनी में चौराहे पर लक्ष्मीनारायण दूध वाले के यहां कई बार रात में 11-12 बजे उन्होंने दोस्तों के साथ दूध पीया।

### बेटी की शादी में नहीं पहुंचे पीएम वाजपेयी तो डॉ.वैदिक ने उनका बुके लौटा दिया

गोयल ने बताया कि बात 2001 की है। जब डॉ.वैदिक ने 2001 में अपनी बेटी अपर्णा की शादी की तारीख प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से बात करके तय की थी। कंफर्म था कि वाजपेयी शादी में शामिल होंगे। रिसेप्शन की रात डॉ. वैदिक गेट पर खड़े थे। तभी वाजपेयी के एडीसी आए और कहा कि वो प्रधानमंत्रीजी की तरफ से आए हैं। पीएम सर ने शुभकामनाएं भेजी हैं। इस पर डॉ.वैदिक ने कहा कि आप भोजन के बाद मुझ से मिलकर जाइएगा। जब एडीसी लौटने लगे तो डॉ.वैदिक ने कहा कि अटलजी से कह दीजिएगा कि उन्होंने बुके लौटा दिया है।

### दुबई के शेख ने खजूर प्लेट में रखी तो डॉ.वैदिक ने खाने से इनकार कर दिया

डॉ.वैदिक अकसर दुबई जाया करते थे। पहली बार जब शेख ने किसी काम के सिलसिले में उन्हें दुबई बुलाया। शेख ने होटल के पर्सनल रूम में उन्हें ठहराया



था, जिसका लाखों में किराया है। दूसरे दिन सुबह शेख के साथ उनका भोजन था। शेख ने अन्य मेहमानों की टेबल दूर लगाई जबकि डॉ.वैदिक को पास बैठाकर भोजन कराया। डॉ.वैदिक ने शेख से कहा कि मैं तो वेजिटेरियन हूं। इस पर शेख ने कहा कि मुझे पता है इसलिए मैंने आपके लिए खजूर बुलवाए हैं। यह कहते हुए शेख ने अपने हाथ से खजूर उनकी प्लेट में रख दिए। लेकिन डॉ.वैदिक ने वो खजूर खाने से इंकार कर दिया। कहा आपने नॉनवेज के हाथ से ही मुझे खजूर दे दिए। मैं ये नहीं खा पाऊंगा। इसके बाद दूसरी खजूर मंगवाकर डॉ.वैदिक को परोसी गई।

### पाकिस्तान की पीएम से हत्या के 15 मिनट पहले की बात, उनकी मजार पर जाने वाले एकमात्र भारतीय

पाकिस्तान की पहली महिला प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्?टो की 27 दिसंबर 2007 की शाम हत्या कर दी गई थी। घटना से करीब 15-20 मिनट पहले डॉ.वैदिक से बेनजीर भुट्टो ने बात की थी। भुट्टो ने वैदिक से कहा था कि पाकिस्तान में 'मेरा विरोध हो रहा है। सब मेरे खिलाफ चल रहे हैं। हो सकता है मुझे कभी भी कुछ हो जाए। फिर आधे घंटे बाद ही फोन आया की डेथ हो गई है।

### प्रोफेसर ने डॉ.वैदिक से कहा आप क्लास लीजिए मैं स्टूडेंट बनकर बैठता हूं

एक बार क्रिश्चियन कॉलेज में फिलासफी की क्लास चल रही थी। प्रोफेसर क्लास में पढ़ा रहे थे। किसी विषय को लेकर प्रोफेसर स्टूडेंट को समझाने लगे। इस पर डॉ.वैदिक ने उन्हें टोक दिया और कहा कि जैसा आप कह रहे हैं वैसा नहीं है। जब उन्होंने कंटेंट के साथ प्रोफेसर को बताया तो प्रोफेसर ने कह दिया कि इस क्लास में तो मुझे स्टूडेंट बनकर बैठना पड़ेगा।

### डॉ.वैदिक ने रेल मंत्री से बात कर लगवाया ट्रेन में एसी कोच

डॉ.वैदिक गुस्सा नहीं करते थे लेकिन एक बार इंदौर से वो दिल्ली जा रहे थे। उनका रिजर्वेशन एसी कोच में था। लेकिन ट्रेन के चलने के पहले ही कोच में खराबी आ गई। करीब 50 लोगों का जाना कैंसिल हो गया। स्टेशन मैनेजर ने कोच को हटाकर इसके यात्रियों का रिजर्वेशन कैंसिल कर दिया। तब डॉ. वैदिक ने स्टेशन मास्टर के पास जाकर विरोध किया। कहा- दूसरा कोच लगाइये। लेकिन स्टेशन मास्टर ने मना कर दिया। तब उन्होंने सीधे तत्कालीन रेलमंत्री स्व. रामविलास पासवान को फोन लगा दिया। उनके कहने के बाद ट्रेन में दूसरा कोच लगा। इसके बाद ही ट्रेन दिल्ली रवाना की गई।

### पिछले महीने आए थे इंदौर

डॉ.वैदिक पिछले महीने दुबई की यात्रा पूरी कर 12 फरवरी को भतीजे शुभम की शादी में शामिल होने के लिए इंदौर आए थे। यहां वे 3-4 दिन रुके थे। परिवार के साथ उन्होंने वक्त बिताया था। उनके दोस्त एसएन गोयल ने बताया कि वे अगले महीने अप्रैल में इंदौर आने वाले थे। उद्योगपतियों के साथ मीटिंग लेने वाले थे। ब्रोशर भी छपवाकर रखे हैं। रवींद्र नाट्यगृह में एक लेक्चर भी उनका रखवाते लेकिन सारे सपने अब अधूरे रह गए। मई में दिव्यांगजनों के परिचय सम्मेलन में भी मुख्य अतिथि के रूप में उन्हें इंदौर में आमंत्रित किया गया था।

इंदौर में उनके पुराने दोस्तों में कैलाश पलोड़, प्रो.सरोज कुमार, आरडी जैन, राधेश्याम पाठक, महेश जोशी, विक्रम वर्मा ये उनके खास थे। लोगों ने मिलना उन्हें बहुत पसंद था। वे एक अच्छे डिबेटर थे। इंदौर में क्रिश्चियन कॉलेज से उन्होंने बीए, एमए किया लेकिन वे प्रो.सरोज कुमार को खुद से बेहतर डिबेटर मानते थे। एक बार दोनों में डिबेट भी हुई और प्रो.सरोज कुमार फर्स्ट और डॉ.वैदिक सेकंड आए।'

### छोटे से बाड़े से निकलने वाले वैदिकजी से सरकारें डरती थीं: श्रवण गर्ग

डॉ. वैदिक के साथ बचपन से ही साथ रहे वरिष्ठ पत्रकार श्रवण गर्ग ने दैनिक भास्कर से उनसे जुड़ी यादें शेयर की...। वैदिकजी मुझसे ढाई-तीन साल बड़े थे। उनका जन्म इंदौर के एक बाड़े में हुआ था जहां अलग-अलग परिवारों के 100 से ज्यादा लोग रहा करते थे। मेरा भी जन्म इसी बाड़े में हुआ था जहां कॉमन बाथरूम और टॉयलेट हुआ करते थे। नहाने के लिए बारी का इंतजार करना पड़ता था। इस तरह की साधारण जिंदगी से शुरू कर उन्होंने पूरी दुनिया में अपनी पहचान कायम की। भारत में कोई भी सरकारें रहीं हो, वे उनसे डरती थीं। इसलिए उनका कभी ठीक से इस्तेमाल नहीं किया। सरकारों को लगता था कि यह शख्स उन पर भारी पड़ता है।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में बरगद, करंज और चंपा के पौधे लगाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ राष्ट्रीय नारी सशक्तिकरण संगठन की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती पूजा सिंह परमार ने अपने जन्मदिवस पर पौधरोपण किया।




**राजधानी में आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

# लाड़ली लक्ष्मी योजना के अस्तित्व के पीछे पूर्व मुख्य सचिव स्व. साहनी का नाम रहेगा: चौहान



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मुख्यमंत्री बनते ही मैंने बेटी को लाड़ली लक्ष्मी बनाने का विचार किया। इसी विचार के साथ लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई गई। योजना के अस्तित्व के पीछे पूर्व मुख्य सचिव श्री साहनी का नाम रहेगा, जो अपने कार्यों की वजह से मेरे दिल के करीब थे। कल्पना नहीं की थी कि वे हमें इतनी जल्दी छोड़ कर चले जाएंगे। वर्ष 2006 में मैंने उन्हें मुख्य सचिव बनाया। मैं एक बार जो उनसे कह देता था, उस पर वे परफेक्ट कार्य करते थे।

श्री चौहान पूर्व मुख्य सचिव स्व.श्री राकेश साहनी की स्मृति में हुई श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्व. श्री साहनी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस सहित वर्तमान और पूर्व आईएएस अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्व. श्री साहनी के मुख्य सचिव कार्यकाल में बिजली के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ। उन्होंने प्रदेश में 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के लिए वर्षवार रोडमेप तैयार किया था। लोग 24 घंटे बिजली देने की बात पर भरोसा नहीं करते थे। मैंने वर्ष 2013 में घोषणा की थी कि हर घर को 24 घंटे बिजली देंगे, जो स्व. साहनी की कर्मठता से पूरी हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे दिन-रात अपनी प्रतिभा का इस्तेमाल कर कार्य पूरा कर लेते थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना बनाने में भी स्व. साहनी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। गुड गवर्नेंस के लिए भी उनसे चर्चा होती थी। समाधान ऑन लाइन, जन-सुनवाई, वन-डे गवर्नेंस का कॉन्सेप्ट भी उन्हीं के कार्यकाल में आया। मुख्यमंत्री के रुप में मुझे उनका बेहतर सहयोग मिला। प्रदेश में सड़कें, सिंचाई और पानी की व्यवस्था के पीछे उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्व. साहनी संकट में धैर्य नहीं खोते थे। उन्होंने मध्यप्रदेश की प्रगति और विकास के लिए बेहतर से बेहतर कार्य किया। ऐसे कर्त्तव्यनिष्ठ अधिकारी को श्रद्धा-सुमन अर्पित करता हूँ। श्रद्धांजलि सभी के अंत में अरदास भी हुई।

## एक लाख 14 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में एक लाख 14 हजार शासकीय पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है। बैकलॉग के रिक्त पदों को तेजी से भरा जा रहा है। स्टाफ नर्स का काम सेवा है। सेवा ही धर्म है। लेब टेक्नीशियन फार्मासिस्ट भी अपना काम मेहनत और ईमानदारी से करें और मन में सेवा का भाव रहे। मुझे पूरा विश्वास है कि नव-नियुक्त अभ्यर्थी मानव-सेवा का नया रिकार्ड स्थापित करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान आज निवास पर गैस त्रासदी विभाग के कर्मचारी मंडल द्वारा समूह-5 के चयनित 10 अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रमाण-पत्र का वितरण कर रहे थे। विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विभाग में तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के रिक्त पद पर नियुक्ति के लिये वित्तीय वर्ष 2022-23 में 160 रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया की जा रही है। शेष रिक्त पदों पर नियुक्ति वर्ष 2023-24 में की जाएगी। वर्तमान में 19 बैकलॉग पदों में से बैगा, भारिया, सहरिया, अनुसूचित जनजाति के सीधे आवेदन के आधार पर एक पद पर स्टाफ नर्स की सीधी नियुक्ति की गई है। अन्य 10 चयनित अभ्यर्थियों में से 6 स्टाफ नर्स, 2 लेब टेक्नीशियन, एक फार्मासिस्ट तथा एक लेब सहायक के नियुक्ति आदेश आज वितरित किए गए। शेष अन्य 120 पदों पर कर्मचारी चयन मंडल ने परीक्षा करा ली है, जिसका परिणाम आने पर नियुक्ति प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कुमारी किरण भारती स्टाफ नर्स भारिया अजजा की भर्ती सीधे आवेदन के आधार पर की गई है। बैकलॉग के कोई भी पद रिक्त नहीं रहेंगे।

कार्यक्रम में कर्मचारी चयन मंडल द्वारा समूह-5 के चयनित 10 अभ्यर्थियों में स्टाफ नर्स श्रीमती रामरती बासौर, श्रीमती नीलिमा वर्मा, कु. ज्योति कनाड़े, कु. भारती हीरालाल भावरकर, श्रीमती निष्ठा मलिक और कु. प्रियंका भवेदिया, लेब टेक्नीशियन श्री भानुप्रताप चौधरी और सचिन बर्फा, फार्मासिस्ट ग्रेड-2 श्रीमती मनीषा अहिरवार और लेब असिस्टेंट कु. बबीता सोनी शामिल हैं।

## स्व. पुष्पेन्द्र पाल सिंह के नाम से पत्रकारिता क्षेत्र में दिया जाएगा पुरस्कार



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि स्व. श्री पुष्पेन्द्र पाल सिंह निष्काम कर्मयोगी और अहंकारशून्य व्यक्ति थे। मुख्यमंत्री ने उनके नाम से पत्रकारिता क्षेत्र में पुरस्कार देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि माखनलाल चतुर्वेदी एवं संचार विश्वविद्यालय में एक कक्ष स्व. पुष्पेन्द्र पाल सिंह के नाम पर किया जायेगा। कक्ष में उनके लेखों का संग्रह भी होगा। साथ ही उनकी स्मृति में व्याख्यान माला भी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. पुष्पेन्द्र पाल सिंह सामान्य सीट पर बैठक कर ही विद्यार्थियों से बात करते थे। वे सदैव उत्साह से भरे रहते थे और सचमुच में भगवान कृष्ण के सात्विक कार्यकर्ता थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में स्व. सिंह ( पीपी सर ) की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्व. सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग, खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा, विधायक, पत्रकार सहित बड़ी संख्या में स्व. पी.पी. सर के शिष्य उपस्थित थे। श्रद्धांजलि सभा में स्व. श्री पुष्पेन्द्र पाल सिंह के जीवन-दर्शन पर केन्द्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन और कॉफी टेबिल बुक का विमोचन भी हुआ।

# केंद्रीय जेल में गबन: जेल के 3 सिपाहियों के खाते में ही 10 करोड़ का लेन-देन हुआ

**उज्जैन।** भैरवगढ़ जेल में कर्मचारियों के साथ 13 करोड़ से अधिक के गबन में नया चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। 13 करोड़ में से लगभग 9 से 10 करोड़ रुपए जेल के सिर्फ तीन सिपाहियों के खातों में ट्रांसफर हुए हैं। इनमें एक फरार बाबू रिपुदमन है व शेष दो खाताधारक भी जेल के ही सिपाही हैं। इनके खातों में लेन-देन का खुलासा होते ही उक्त दोनों सिपाही भी गायब हो गए हैं।

भैरवगढ़ जेल में 100 से अधिक कर्मचारियों का डिपार्टमेंट प्रोविडेंट फंड जिस फर्जी तरीके से निकालकर गबन किया गया है, उसने पूरे प्रदेश में हड़कंप मचाकर रख दिया। दो दिन से जेल मुख्यालय भोपाल का दल यहां दफ्तर, बैंक और जेल घूम रहा है तो मंगलवार को भोपाल से ट्रेजरी शाखा की जांच कमेटी भी उज्जैन आ पहुंची। इस बीच कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम व एसएसपी सत्येंद्रकुमार शुक्ल ने क्रिमिनल जांच के लिए अलग से पुलिस की एसआईटी गठित कर दी। एसआईटी ने मंगलवार को जब बैंक में लेन-देन वाले खातों की डिटेल निकलवाई तो जेल के बाबू रिपुदमन, सिपाही शैलेंद्र व एक अन्य सिपाही के खातों में 9 से 10 करोड़ रुपए का लेन-देन सामने आया।

एसआईटी के सीएसपी अनिल मौर्य ने खातों में उक्त लेन-देन व दो सिपाही के गायब होने की बात कही है। भोपाल से संयुक्त संचालक लेखा विश्वजीत झारिया 8 सदस्यीय टीम के साथ ट्रेजरी में जांच कर रहे हैं। वे ये पता करने में जुटे हैं कि दो साल से कर्मचारियों का पैसा एक ही खाते में जा रहा था तो तकनीकी गड़बड़ी कहां थी। हालांकि झारिया ने स्पष्ट तौर पर डीडीओ को जिम्मेदार ठहराया।

**कर्मचारी केस दर्ज कराने थाने पहुंचे-** गबन के शिकार हुए कई कर्मचारी घबराए हुए हैं और उन्हें आशंका है कि अगर वे चुप रहे तो शासन उनसे उस पैसे की रिकवरी न शुरू कर दें, जो उनके हाथ में आया ही नहीं। इसी को लेकर कई कर्मचारी मंगलवार को भैरवगढ़ थाने पहुंचे व अपनी तरफ से भी एफआईआर दर्ज करने को आवेदन दिए।



सुंदर नगर में विगत 2 दिनों से लाइट नहीं होने की वजह से रहवासियों को हो रही परेशनियों को लेकर कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में सुंदर नगर रहवासियों ने छोला जोन विद्युत कार्यालय का घेराव किया।



**भोपाल। महापौर मालती राय ने आज नगर निगम औषधालय एवम अंबेडकर पुस्तकालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रजिस्टर व अन्य फाइलों का भी अवलोकन किया।**

# एक हफ्ते में ओपीडी में 30 प्रतिशत बढ़े फ्लू के मरीज



**भोपाल।** फ्लू के कारण अस्पतालों में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ गई है। आलम यह है कि पिछले हफ्ते के मुकाबले अभी ओपीडी में आने वाले मरीज 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गए हैं। शहर के प्रमुख सरकारी-गैरसरकारी अस्पतालों से जानकारी जुटाई गई तो यह तस्वीर सामने आई है।

इसमें दो बातें विशेष हैं। पहली फ्लू की चपेट में बच्चे और बुजुर्ग ज्यादा आ रहे हैं। दूसरी यह कि संक्रमण फैल तो तेजी से रहा है, लेकिन मरीजों की हालत गंभीर नहीं हो रही है। यानी मरीजों को अस्पताल में भर्ती करने की नौबत नहीं आ रही है। मरीज 5 से 7 दिन में ठीक हो रहे हैं। चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. राकेश मिश्रा का कहना है कि जिस रफ्तार से ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ी है उस लिहाज से भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या बहुत कम है।

आईपीडी में मरीजों की संख्या में मामूली इजाफा हुआ है। यहीं नहीं जो मरीज भर्ती हो रहे हैं उनमें बच्चे और बुजुर्ग ही ज्यादा हैं। बच्चों में दो साल तक के बच्चे ज्यादा हैं और बुजुर्गों में 65 साल से अधिक उम्र के ज्यादा मरीज हैं। अच्छी बात यह है कि किशोर और युवा संक्रमित भी कम हो रहे हैं और संक्रमण के बाद इनको भर्ती करने की जरूरत भी नहीं पड़ रही है।





**महापौर श्रीमती मालती राय एवं नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने आज कमला पार्क में न्यू लाइफ डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए स्थापित उपकरणों का लोकार्पण किया।**